


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 247

ग्वालियर, रविवार, 31 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### राहुल भाईजान को मुस्लिमों का दर्द दिखा, हिंदुओं का नहीं: नरोत्तम मिश्रा



**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि राहुल भाईजान को त्रिपुरा और केरल के मुसलमानों का दर्द तो दिख जाता है, लेकिन कश्मीर में हिंदुओं का दर्द दिखाई नहीं देता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में गैर मुस्लिमों की हत्याओं पर राहुल गांधी मुंह से आवाज नही निकलती। डा मिश्रा ने कहा ?कि इससे ज्यादा कांग्रेस नेता के तुष्टीकरण का कोई और उदाहरण नहीं हो सकता। पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी जहां जाते हैं, वहां उस हिसाब से रूप बदल लेते हैं। गुजरात जाते हैं तो जनेऊ पहन लेते हैं। कश्मीर जाते हैं तो कश्मीरी पंडित हो जाते हैं और केरल जाते हैं तो टोपी पहन लेते हैं। राहुल को दर्द केवल मुस्लिमों का ही होता है। जम्मू-कश्मीर में परिचय पत्र देखकर आतंकवादी हिंदुओ को मार रहे हैं लेकिन राहुल बाबा को उनका कोई दर्द नहीं है। इस संबंध में चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भी उन्हें समझाने की कोशिश की है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि आस्था और मान्यताओं के अनुरूप हर व्यक्ति को अपने त्योहार मनाने की पूरी आजादी है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि पर्व मनाते हुए ध्यान रखें कि हमारी आस्था किसी की मर्यादा और सीमा का उल्लंघन न करे। पिछली कांग्रेस सरकार के बारे में मिश्रा ने कहा कि कमल नाथ सरकार ने अपने घोषणा पत्र में जनता से किए वादों में से एक भी पूरा नहीं किया। कमल नाथ जी भाजपा सरकार पर सवाल उठाने से पहले जरा आप अपने 15 महीने के कार्यकाल की एक भी उपलब्धि बता दें।

### गंगा की तरह सहायक नदियों के लिए केंद्र ले सकता है बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** गंगा में न्यूनतम जल प्रवाह की सीमा तय करने के बाद केंद्र सरकार यमुना जैसी सहायक नदियों के लिए भी निर्बाध प्रवाह की व्यवस्था करने पर विचार कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इससे नदियों की सफाई सुनिश्चित होगी। 2018 में नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा की ओर से गंगा के लिए ई-फ्लो नोटिफिकेशन जारी किया था, जो गुणवत्ता, मात्रा और प्रवाह का समय तय करता है, जोकि नदी की पारिस्थितिकी, प्रक्रिया को बेहतर बनाए रखता है। एनएमसीजी के डायरेक्टर जनरल राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि इसी तरह अब यमुना जैसी गंगा की कई सहायक नदियों के लिए न्यूनतम प्रवाह सीमा तय करने की तैयारी है। निर्बाध प्रवाह से सफाई सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि पानी के न्यूनतम प्रवाह को निर्धारित करने से गंगा नदी के निरंतर प्रवाह को बनाए रखने में मदद मिली है।

### राष्ट्रपति ने गुजरात में कमजोर वर्ग की आवासीय योजना का उदघाटन किया

**भावनगर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गुजरात के भावनगर में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लोगों के लिए एक आवासीय योजना का उदघाटन किया। दो दिवसीय गुजरात दौरे पर आए कोविंद ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्यपाल आचार्य देवव्रत की मौजूदगी में शहर के सुभाषनगर इलाके में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ईडब्ल्यूएस के लिए बनाए गए 1,088 घरों को सौंपने के सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने सांकेतिक रूप से पांच लाभार्थियों को घरों की चाबियां सौंपी। उसी स्थान पर राज्य सरकार के अधिकारियों ने भावनगर और गुजरात के अन्य हिस्सों में पीएम आवास योजना के तहत चल रही आवासीय परियोजनाओं के बारे में कोविंद को एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम से पहले बृहस्पतिवार को गुजरात पहुंचे कोविंद गांधीनगर से सुबह भावनगर पहुंचे और धार्मिक उपदेशक मोरारी बापू के पैतृक गांव तलगजरदा गए।

### राज्यों को कोरोना-रोधी टीके की 111 करोड़ से अधिक खुराक उपलब्ध कराई गईं

**नई दिल्ली।** राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोरोना रोधी टीके की अब तक 111.13 करोड़ से अधिक खुराक उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास टीकों की फिलहाल 12.73 करोड़ से अधिक (12,73,62,006) खुराक हैं, जिन्हें अभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। उसने कहा कि अधिक टीकों की उपलब्धता, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए टीकों की उपलब्धता की अग्रिम जानकारी और टीकों की आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित करके टीकाकरण अभियान को तेज किया गया है।

## मेहनत मजदूरी करने वाले परिवार को 19 करोड़ 19 लाख रुपए के बिजली बिल का नोटिस थमा दिया

# यूपी में कांग्रेस सरकार बनने पर खत्म करेंगे बिजली बिल से हो रही 'लूट' : प्रियंका गांधी

**लखनऊ।** यूपी में 2022 को विधानसभा चुनाव होने हैं इसके मद्देनजर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रदेश में सक्रिय हो गई हैं। शनिवार को प्रियंका ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित उत्तर प्रदेश में लोग बिजली बिलों के जरिए होने वाली 'लूट' का सामना कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में सत्ता में आने पर उनकी पार्टी इस लूट को समाप्त कर देगी। कांग्रेस महासचिव ने ट्विटर पर एक मीडिया रिपोर्ट को भी टैग किया, जिसमें दावा किया गया था कि बिजली विभाग ने एक मजदूर को 19 करोड़ रुपए से अधिक के बिजली बिल का नोटिस दिया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'भाजपा राज में बिजली बिलों और स्मार्ट मीटरों की लूट से प्रदेश का आमजन बुरी तरह त्रस्त है।'

कांग्रेस नेता ने कहा, 'बिजली विभाग ने मेहनत मजदूरी करने वाले परिवार को 19 करोड़ 19 लाख रुपए के बिजली बिल का नोटिस थमा दिया है।' प्रियंका ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर बिजली बिलों के जरिए हो रही इस 'लूट' को समाप्त कर दिया जाएगा। इससे पहले प्रियंका शुक्रवार को ललितपुर के दौरे पर थीं। वे जिले पाली



और नयागांव जाकर पीड़ित किसान परिवारों से मिलीं। खाद के लिए लाइन में लगने के दौरान एक किसान की कथित रूप से मौत हो गई थी। पीड़ित किसान परिवारों से मिलने के बाद प्रियंका गांधी ने संवाददाताओं से बात की और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा था कि, बुंदेलखंड में किसानों के हालात खराब हैं। खाद के लिए लंबी लाइनें लगी हैं, खाद चोरी हो रही है, किसान परेशान है। 1200 रुपए की खाद किसान 2000 रुपए में खरीदने को मजबूर है। बुंदेलखंड में किसानों की मौत के बाद शुक्रवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी जिले के पाली कस्बे में पहुंची। उन्होंने किसान बल्लू पाल के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। बल्लू पाल ने खाद की किल्लत के चलते फांसी लगाकर जान दे दी थी। इस दौरान प्रियंका गांधी ने नयागांव और मैलवारा खुर्द के मृतक किसानों के परिजनों से भी मुलाकात की। मैलवारा खुर्द के किसान सोनी अहिरवार ने 3-4 दिन से लाइन में लगने के बावजूद खाद न मिलने के कारण मानसिक तनाव में फांसी लगा ली थी। महेश कुमार बुनकर भी खाद नहीं मिलने से बहुत परेशान थे, उनकी भी मौत हो गई। करीब पौने घण्टे की मुलाकात में उन्होंने किसान परिवारों को ढाढस बंधाया। इसके बाद पत्रकारों से बात करते प्रियंका प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि यूपी की बीजेपी सरकार पूरी तरह से फेल है।

## पीएम नरेंद्र मोदी होंगे और शक्तिशाली, राजनीति को गंभीरता से नहीं ले रही कांग्रेस : ममता बनर्जी



**गोवा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी दूसरे राज्यों में पैर पसारने की कवायद में लगी हैं। ममता ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शक्तिशाली हो जाएंगे क्योंकि कांग्रेस पार्टी राजनीति को लेकर गंभीर नहीं है। गोवा दौरे के आखिरी दिन कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए ममता बनर्जी ने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर फैसले न लेने का भी आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा कि दिल्ली की 'दादागीरी' बहुत हुई।

गोवा के तीन दिवसीय दौरे के आखिरी दिन पणजी में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के निर्णय न ले पाने का अंजाम देश भुगत रहा है। उन्होंने कहा, मैं अभी सब कुछ नहीं कह सकती क्योंकि वे राजनीति को गंभीरता से नहीं लेते। कांग्रेस की वजह से मोदी जी और अधिक शक्तिशाली हो रहे हैं। अगर कोई निर्णय नहीं ले सकता तो उसके लिए देश को क्यों भुगतना चाहिए? टीएमसी अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस को पहले भी मौका मिला। भाजपा के खिलाफ लड़ने के बजाय वे मेरे राज्य में मेरे खिलाफ लड़े। क्या आपको नहीं लगता कि उन्होंने मेरे खिलाफ चुनाव लड़ा, बंगाल में मेरे राजनीतिक दल के खिलाफ चुनाव लड़ा। टीएमसी ने घोषणा की है कि वह आगामी गोवा विधानसभा चुनावों में सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बनर्जी ने कहा कि टीएमसी चुनावों में क्षेत्रीय दलों को सीटें आवंटित करने में यकीन रखती हैं। उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि क्षेत्रीय दलों को मजबूत होना चाहिए। हम चाहते हैं कि संघीय ढांचा मजबूत हो। हमें राज्यों को मजबूत बनाना चाहिए, अगर राज्य मजबूत होंगे तो केंद्र भी मजबूत होगा। हम दिल्ली की दादागीरी नहीं चाहते, बस बहुत हुआ।

यह पूछे जाने पर कि उन्हें क्या लगता है कि कांग्रेस को कौन-से फैसले लेने चाहिए, इस पर उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस के बारे में चर्चा नहीं करने जा रही हूं क्योंकि यह मेरी पार्टी नहीं है। मैंने अपना क्षेत्रीय दल बनाया है और किसी से समर्थन लिए बिना हमने तीन बार सरकार बनाई। उन्हें फैसला करने दीजिए। यह मेरा तरीका भी है, मैं किसी भी अन्य राजनीतिक दल के कामकाज में दखल नहीं देती हूं। मैं अपने राजनीतिक दल के बारे में कह सकती हूं और हमारी लड़ाई जारी रहेगी। हम भाजपा के आगे घुटने टेकने वाले नहीं हैं।

## कांग्रेस के मेनिफेस्टो महज वादे नहीं बल्कि गारंटी है : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** गोवा में कांग्रेस के चुनाव प्रचार अभियान का बिगुल फूंकते हुए राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी अपने चुनाव घोषणापत्र में जो वादे करती है, वे महज कोई प्रतिबद्धता नहीं है बल्कि एक गारंटी है। गोवा में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। गोवा की एक दिवसीय यात्रा पर पहुंचने के बाद दक्षिण गोवा में मछुआरे समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी नफरत फैलाती है और लोगों को विभाजित करती है जबकि कांग्रेस प्यार और स्नेह फैलाती है क्योंकि वह लोगों को जोड़ने और उन्हें आगे ले जाने में यकीन करती है। राहुल गांधी ने कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि भाजपा और कांग्रेस के बीच क्या अंतर है। कांग्रेस भारत के लोगों को एकजुट करने और उन्हें




आगे ले जाने में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नफरत का कांग्रेस का जवाब प्यार और स्नेह है। उन्होंने कहा, जब भी वे नफरत फैलाते हैं और लोगों को बांटते हैं तो हम प्यार और स्नेह फैलाते हैं। मैं यहां आपका और अपना वक्त बर्बाद करने के लिए नहीं आया हूं। जैसे आपका वक्त महत्वपूर्ण है तो मेरा वक्त भी महत्वपूर्ण है। हम आपसे घोषणापत्र में जो वादा करेंगे वह महज कोई वादा नहीं होगा बल्कि गारंटी होगी। राहुल गांधी ने कांग्रेस के आश्वासनों के बारे में मछुआरों से कहा, मेरी विश्वसनीयता मेरे लिए महत्वपूर्ण है। अन्य नेताओं के विपरीत जब मैं यहां कुछ कहता हूं तो मैं सुनिश्चित करूंगा कि वैसा ही हो। अगर मैं यहां आया हूं तो मैं आपसे कहता हूं कि हम कोयला हब की अनुमति नहीं देंगे और अगर मैं यह नहीं करता हूं तो अगली बार जब मैं यहां आऊंगा तो मेरी कोई विश्वसनीयता नहीं रहेगी। दरअसल, मछुआरे दक्षिण पश्चिम रेलवे की दोहरी पटरी वाली परियोजना का विरोध कर रहे हैं क्योंकि उनका आरोप है कि यह राज्य को कोयला हब में बदलने की कोशिश है। गांधी ने कहा कि पार्टी ने छत्तीसगढ़ में किसानों का कर्ज माफ कर उनसे किए वादे पूरे किए। उन्होंने कहा आप पंजाब और कर्नाटक जा सकते हैं, हमने वहां भी यही (वादा पूरा) किया।

## अखिलेश यादव ने मायावती और बीजेपी को दिया झटका 7 बागी विधायक सपा में शामिल

**नई दिल्ली।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को बसपा और बीजेपी को झटका दिया है। लखनऊ सपा मुख्यालय पहुंचे बसपा के 6 बागी विधायक और एक भाजपा विधायक ने सपा की सदस्यता ली। सभी बागी विधायकों को अखिलेश यादव ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान अखिलेश ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। भाजपा के एक विधायक शामिल होने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भाजपा पार्टी का नारा बदल देंगे। मेरा परिवार भाजपा परिवार की जगह नारा बदल के नाम होगा मेरा परिवार भागता परिवार रख देंगे। अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किए



गए वादे पूरे नहीं किए। समाजवादियों का मानना है कि जो कांग्रेस है वही भाजपा है जो भाजपा है वही कांग्रेस है। चार बार विधायक व एक बार राज्यसभा सदस्य रहे हरेंद्र मलिक ने करीब 20 साल बाद एक बार फिर लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी में वापसी की है। उनके साथ दो बार के पूर्व विधायक पंकज मलिक, चरथावल के पूर्व ब्लॉक प्रमुख जिल्ले हैदर समेत काफी संख्या में जिले के कांग्रेसियों ने पार्टी छोड़कर सपा की सदस्यता ली। पार्टी में शामिल होने के अवसर पर हरेंद्र मलिक ने अपने संबोधन में कांग्रेस को बंजर और सपा को उपजाऊ भूमि की उपमा दी। सर्व समाज एकता दल के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह कश्यप ने सपा को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। गोवर्धन मथुरा के पूर्व प्रमुख विनोद चौधरी तथा लखनऊ के कांग्रेस प्रवक्ता अब्बास हैदर कांग्रेस छोड़कर आज समाजवादी पार्टी के सदस्य बन गए।




## वन-टू-वन

### शमी पर सवाल उठाने वालों पर भड़के विराट




**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ट्रोल करने वालों को आड़े हाथों लिया है। विराट ने कहा कि धर्म के आधार पर किसी को निशाना बनाना गलत है। टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ हार के बाद शमी को सोशल मीडिया में ट्रोल किया गया था। कोहली ने धर्म के आधार पर शमी को निशाना बनाने वालों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा, मैदान पर हमारे खेलने की एक अच्छी वजह है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार आरोप लगाने वालों को विराट ने रीढहीन लोग करार दिया और कहा कि ऐसे लोगों में आमने सामने बात करने की हिम्मत नहीं होती है। उन्होंने साथ ही कहा, यह इंसानियत का सबसे निचला स्तर है। किसी पर धर्म के आधार पर हमला करने से ज्यादा निराशाजनक कुछ नहीं हो सकता है। मैंने कभी धर्म के आधार पर पक्षपात के बारे में नहीं सोचा। धर्म बहुत पवित्र चीज है। हमारा भाईचारा, हमारी दोस्ती को कम नहीं जा सकता है और इन चीजों से फर्क नहीं पड़ता है। जो लोग हमें समझते हैं, मैं उन्हें श्रेय देता हूं। गौरतलब है कि पाक से भारत को मिली हार के बाद शमी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर सैकड़ों संदेश थे उनपर सवाल उठाये गये थे।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर मैलेट का निधन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर एशले मैलेट का निधन हो गया है। मैलेट 76 साल के थे और कैंसर से पीड़ित थे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के इस स्पिनर ने शुक्रवार देर रात एडिलेड में अंतिम सांसें लीं। मैलेट ने 12 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में कुल 38 टेस्ट और 9 एकदिवसीय मैच खेले थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ साल 1968 में टेस्ट डेब्यू किया था और इसी टीम के खिलाफ ही 1980 में अपने करियर का आखिरी टेस्ट खेला था। उन्होंने टेस्ट में 29.84 के औसत से 132 विकेट लिए थे। उन्होंने 1 बार 10 विकेट, 6 बार पांच विकेट लेने का रिकार्ड बनाया था। मैलेट की गिनती दुनिया के अच्छे ऑफ स्पिनर्स में होती थी। उन्होंने 1972 में पाकिस्तान के खिलाफ एडिलेड टेस्ट की एक पारी में 59 रन देकर 8 विकेट लिए थे। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी भी फिंगर स्पिनर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे आगे नाथन लॉयन (399 विकेट), ह्यूज ट्रंबल (141 विकेट) हैं। मैलेट सिडनी में पैदा हुए थे पर पर्थ में रहने के दौरान दिग्गज स्पिनर क्लेरी ग्रिमेट ने उन्हें निखारा था। मैलेट ने साल 1969-70 में भारत के दौरे पर चार टेस्ट मैच में 28 विकेट लिए थे। तब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर 4 टेस्ट की सीरीज 3-1 से जीती थी। इसके अलावा उन्होंने 1974-75 की एशेज सीरीज में 17 विकेट हासिल किये थे। मैलेट हाई आर्म एक्शन से गेंदबाजी करते थे। इसलिए उन्हें दूसरे गेंदबाजों की तुलना में अतिरिक्त उछाल मिलता था। वह साथी खिलाड़ियों के बीच 'राउडी' नाम से लोकप्रिय थे। क्रिकेट से संन्यास के बाद मैलेट ने बतौर खेल पत्रकार और ऑथर भी काम किया था।


### स्नैपचैट के 10 करोड़ के पार हुई यूजर्स की संख्या

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी फोटो मैसेजिंग स्नैपचैट ने 10 करोड़ यूजर्स का आंकड़ा पार कर लिया है। बुधवार को कंपनी ने कहा कि देश में उसका मंथली यूजर्स बेस 10 करोड़ तक पहुंच गया है। कार्यक्रम में स्नैप के को-फाउंडर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) इवान स्पीगल ने भारत में मंथली रूप से स्नैपचैट के यूजर्स की संख्या 10 करोड़ तक पहुंचने की घोषणा की। उन्होंने कहा, ÷हमने भारतीय समुदाय के लिए स्नैपचैट के अनुभव को स्थानीय बनाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया है। हमने सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक सामग्री को जोड़ा है, अत्यधिक सक्रिय और रचनात्मक स्थानीय समुदाय विकसित किया है और स्थानीय प्रोडक्ट्स, मार्केटिंग पहल और भाषा सहयोग में निवेश किया है।÷ स्पीगल ने बताया कि भारतीय 'स्नैपचैटर्स' के लिए एक स्थानीय अनुभव लाने के इन प्रयासों ने कंपनी को मील के पत्थर तक पहुंचने में मदद की है। स्नैपचैट ऐप के माध्यम से यूजर्स अपने दोस्तों के साथ तस्वीरें शेयर कर सकते हैं। इसमें तस्वीरों को सुंदर बनाने के लिए फिल्टर और लेंस की सुविधा दी गई है।कंपनी ने कहा है कि वह भारतीय क्रिएटर्स के कम्यूनिटी को ज्यादा संसाधन मुहैया कराने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखेगी। स्नैपचैट की मूल कंपनी स्नैप इंक ने वर्चुअल तरीके से 'स्नैप इन इंडिया' के दूसरे एडिशन का आयोजन किया।

### आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन सितंबर में बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन के चलते सितंबर में आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ गया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर 2020 में आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों में 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। ये आठ क्षेत्र कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली हैं। इस साल अगस्त में इन प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि दर 11.5 प्रतिशत थी। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में इन आठ प्रमुख उद्योगों का भारांश 40.27 प्रतिशत है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2021 में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट का उत्पादन क्रमशः 27.5 प्रतिशत, छह प्रतिशत और 10.8 प्रतिशत बढ़ा। हालांकि सितंबर में कच्चे तेल के उत्पादन में सालाना आधार पर 1.7 फीसदी की गिरावट आई। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत रही।

# टी20 विश्व कप: भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहम मुकाबला आज




**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट का अहम मुकाबला होगा। दोनो ही टीमों के लिए सेमीफाइनल की संभावनाएं बनाऐ रखने के लिए सुपर 12 का यह मैच जीतना जरुरी है। अब तक दोनो ही टीमें अपने-अपने पहले मैच पाकिस्तान से हारी हैं। इसलिए अब वह इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगी। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली के लिए यह मैच इसलिए भी जरुरी है क्योंकि यह टी20 प्रारुप में कप्तान के रुप में उनका आंखिरी टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट के पहले ही मैच में प्रबल दावेदार होने के बाद भी जिस प्रकार भारतीय टीम को पाक के खिलाफ एकतरफा हार मिली है उससे भी विराट निशाने पर हैं। विराट जानते हैं कि कप्तान केन विलियमसन की न्यूजीलैंड से मुकाबला आसान नहीं है और उनकी टीम को अपनी ओर से पूरी ताकत लगानी होगी। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों को कीवी टीम के तेज गेंदबाजों टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट से भी सावधान रहना होगा। वहीं दूसरी ओर भारतीय गेंदबाजों को विलियमसन और मार्टिन गुप्टिल को शुरुआत में आउट करना होगा। जिससे कीवी टीम को बड़ा स्कोर बनाने से रोका जा सके। इसके अलावा टीम के युवा बल्लेबाज डेवोन कॉनवे पर भी भारतीय गेंदबाजों को अंकुश लगाना होगा। भारतीय गेंदबाज पहले मैच में लय में नहीं थे पर अब उन्हें इस मैच में अपने लाइन और लैंथ पर और अधिक ध्यान देना होगा।

पहले मैच में हार्दिक पंड्या और भुवनेश्वर कुमार का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। कमर की सर्जरी के बाद से हार्दिक अपने पहले वाले फॉर्म में नहीं हैं और अब उन्हें अपने चयन को सही साबित करना है। नेट पर उनका गेंदबाजी दिखाता है कि वह इस मैच गेंदबाजी भी करेंगे। वहीं भुवनेश्वर के लिए भी यह अपने को साबित करने अंतिम अवसर है। पिछले दो सत्र में उनकी रफ्तार काफी गिरी है और युवा दीपक चाहर जैसे युवा गेंदबाजों से प्रतिस्पर्धा अब उनके लिए कठिन हो गई है। भारत ने हाल ही में टेस्ट प्रारूप में पहला मैच हारने के बाद शानदार वापसी करके दिखाई है। बतौर टी20 कप्तान अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे कोहली भी इतनी आसानी से हार मानने वालों में से नहीं है। यहां नाकामी के मायने हैं कि 50 ओवरों और टेस्ट प्रारूप में भी उनकी कप्तानी खतरे में पड़ जाएगी।

### टी20 में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद

**दुबई।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। राशिद ने टी20 विश्व कप के सुपर 12 ग्रुप के मैच में पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज को आउट कर सौ विकेट का आंकड़ा हासिल किया। राशिद ने पाकिस्तान की पारी के 15वें ओवर की पहली गेंद पर ही हफीज को गुलबदिन के हाथों कैच कराकर 53 टी20 मैचों में अपना 100 विकेट लिया। इससे पहले सबसे तेजी से सौ विकेट लेने का यह रेकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा के नाम था। मलिंगा ने टी20 में 100 विकेट के लिए 76 मैच खेले थे। वहीं साउदी ने 82 टी20 मैचों में सौ विकेट लिए थे। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में बांग्लादेश के अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन शीर्ष पर हैं।

### आईपीएल 2022 सत्र में किसी नई टीम के कप्तान बनना चाहते हैं श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आईपीएल के 2022 सत्र में किसी नई टीम के कप्तान बन सकते हैं। श्रेयस इसी कारण नीलामी में शामिल होना चाहते हैं। आईपीएल के अगले सत्र में दो नई टीमें आ रही हैं जिन पर इस बल्लेबाज की नजरें हैं। अय्यर ने पिछले सत्र में अपनी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल तक पहुंचाया था। वह चोटिल होने के कारण आईपीएल 2021 के पहले चरण में टीम से बाहर थे। दूसरे चरण में उन्हें एक बल्लेबाज के रुप में टीम में जगह मिली थी। तब उनकी जगह ऋषभ पंत ने टीम की कप्तानी की थी। एक रिपोर्ट के अनुसार अय्यर टीम की अगुआई करना चाहते थे पर ऋषभ के इस सत्र शानदार कप्तानी करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स में उन्हें इसकी संभावना कम ही नजर आ रही है।

## भारतीय आक्रमण बुमराह पर ज्यादा 'निर्भर', एक स्पिनर शामिल करने के अलावा पंड्या से करानी चाहिए गेंदबाजी : मुरलीधरन




**दुबई।** श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने कहा कि भारतीय गेंदबाजी आक्रमण जसप्रीत बुमराह पर ज्यादा 'निर्भर' है। उन्होंने सुझाव दिया कि टी-20 विश्व कप में एक स्पिनर को शामिल कर सही संतुलन खोजने के अलावा हार्दिक पंड्या से कुछ ओवर गेंदबाजी करानी चाहिए। भारतीय गेंदबाज पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में एक भी विकेट नहीं ले सके।

इससे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने आराम से 152 रन का लक्ष्य हासिल कर 10 विकेट से जीत दर्ज की जो विश्व कप मैच में भारत पर उनकी पहली जीत है। मुरलीधरन ने अपने कॉलम में लिखा कि गेंदबाजी के संबंध में मुझे जिस टीम की चिंता है, वह भारत है। जसप्रीत बुमराह 'मैच विजेता' हैं, लेकिन गेंदबाजी में भारतीय टीम उस पर अति निर्भर दिखती है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन तेज गेंदबाजों को खिलाया था, लेकिन मुरलीधरन को लगता है कि कप्तान विराट कोहली अंतिम एकादश में रविचंद्रन अश्विन को शामिल करने पर विचार कर सकते हैं। साथ ही आल राउंडर हार्दिक पंड्या से कुछ ओवर करा सकते हैं, जो पहले मैच में पूरी तरह से बल्लेबाज के तौर पर खेले थे।

मुरलीधरन ने कहा कि वे टीम में एक लेग स्पिनर खिला सकते हैं या शायद रविचंद्रन अश्विन को। इससे दो तेज गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी के लिए हार्दिक पंड्या पर भी निर्भर कर सकते हैं। टेस्ट क्रिकेट में मुरलीधरन के नाम 800 और वनडे क्रिकेट में 534 विकेट हैं, उन्होंने कहा कि यह बस बुमराह पर ज्यादा निर्भरता के बजाय सही संतुलन ढूंढना है। उन्होंने कहा कि हालांकि जहां तक बेहतरीन स्थिति में होने की बात है, तो मुझे लगता है कि पाकिस्तान अच्छी दिख रही है क्योंकि उन्होंने अपने ग्रुप में दो मजबूत टीम भारत और न्यूजीलैंड को हराया है। मुरलीधरन ने कहा कि उनके पास अपार प्रतिभा है, जो हमेशा से रहा है, लेकिन वेस्टइंडीज की तरह ही बीते समय में उनके लिए कुछ खराब दिन भी रहे जिसमें वे काफी खराब खेले थे। वर्ष 2009 के चैम्पियन पाकिस्तान को अभी तक टूर्नामेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

## आईसीसी टूर्नामेंटों में भारत पर हावी रहा है न्यूजीलैंड




**दुबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को होने वाले करो या मरो के मुकाबले में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगे। सुपर 12 के अपने पहले ही मैच में पाकिस्तान से मिली हार के बाद दोनो का ही लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर वापसी करना रहेगा। इस अहम मुकाबले में जीतने वाली टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनी रहेंगी जबकि हारने वाली टीम सेमीफाइनल की दौड़ से तकरीबन बाहर हो जाएगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में भारतीय टीम के जीतने की संभावनएं कम हैं क्योंकि आईसीसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत का रेकॉर्ड अच्छा नहीं रहा रहा है। साल 2007 में हुए पहले टी20 विश्व कप से लेकर इस साल इंग्लैंड में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल मुकाबलों तक दोनों टीमें सात बार आमने सामने हुई हैं। इस दौरान 6 मैचों में न्यूजीलैंड को जीत मिली जबकि एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया। टी20 विश्व कप की बात करें तो दोनों टीमों के बीच दो बार मुकाबला हुआ है और दोनो ही बार टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित पहले टी20 विश्व कप (2007) में न्यूजीलैंड ने भारत को 10 रन से हराया था वहीं साल 2016 के टी20 विश्व कप में कीवी टीम ने भारत को 47 रन से हराया था। भारतीय टीम 18 साल पहले आईसीसी टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ जीती थी। तब साल 2003 में आयोजित एकदिवसीय विश्व कप में भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से पराजित किया था। साल 2019 के विश्व कप सेमीफाइनल में भी कीवी टीम ने भारत को हराया था।

### शेयर बाजार में तीन दिन तेजी और दो दिन गिरावट रही

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में कमजोरी और स्थानीय स्तर पर मुनाफावसूली के चलते लगातार दूसरे सप्ताह शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी सप्ताह के तीन दिन तेजी के साथ खुले और दो दिन गिरावट के साथ बंद हुए। सोमवार, मंगलवार और बुधवार को बाजार में तेजी और गुरुवार और शुक्रवार को गिरावट रही। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स 577 अंक बढ़कर 61398 पर खुला और 145.43 अंकों की बढ़त के साथ 60,967.05 पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 8 अंकों की बढ़त के साथ 18,123.45 के स्तर पर खुला और 10.50 अंकों की बढ़त रही और ये 18,125.40 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 202.27 अंक बढ़कर 61,169.32 पर खुला और 383.21 अंकों की तेजी के साथ 61.350.26 पर बंद हुआ। निफ्टी 55.60 अंक चढ़कर 18,181 पर खुला और 143 अंक बढ़कर 18,268.40 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 13.11 अंकों की बढ़त के साथ 61125.16 पर खुला और 206.93 अंकों की गिरावट के साथ 61,143.33 पर बंद। निफ्टी 1.70 अंकों की बढ़त के साथ 18270.10 खुला और 57.45 अंकों की गिरावट के साथ 18,210.95 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 258.56 अंकों की गिरावट के साथ 60,884.77 के स्तर पर खुला और 1158.63 अंकों की गिरावट के साथ 59,984.70 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 72.20 अंकों की गिरावट के साथ 18,138.75 के स्तर पर खुला और 353.70 अंकों की गिरावट के साथ 17857.25 के स्तर पर बंद हुआ।




## लेटिन एनसीएपी क्रैश टेस्ट में फेल हुई मारुति की प्रीमियम हैचबैक बलेनो, मिली जीरो स्टार रेटिंग




**नई दिल्ली।** प्रीमियम हैचबैक सुचुकी को लेटिन एनसीएपी क्रैश टेस्ट में जीरो स्टार रेटिंग मिली है। यह इस कार को खरीद चुके और खरीदने की प्लानिंग कर रहे ग्राहकों लिए एक तगड़ा झटका है। बलेनो भारत के प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट की बेस्ट सेलिंग कार है और ऐसे में इसका लैटिन एनसीएपी में निराशाजनक प्रदर्शन निराशाजनक माना जा रहा है।

भारत में बनने वाली बलेनो स्टैंडर्ड दो एयरबैग्स के साथ आती है। भारत में बनने वाली बलेनो को लैटिन एनसीएपी टेस्टिंग के दौरान अडल्ट ऑक्युपैंट बॉक्स में 20.03 प्रतिशत, चाइल्ड ऑक्युपैंट बॉक्स में 17.06 प्रतिशत, पेडेस्ट्रियन प्रोटेक्शन में 64.06 प्रतिशत और सेफ्टी असिस्ट बॉक्स में 6.98 प्रतिशत अंक मिले। कार ने साइड इंपैक्ट प्रोटेक्शन में भी खराब परफॉर्म किया और इसे रियर इंपैक्ट टेस्ट में यूएन32 प्रूफ की कमी के कारण भी बेहद कम अंक मिले। कार में स्टैंडर्ड साइड हेड प्रोटेक्शन के साथ स्टैंडर्ड ईएससी भी नहीं थे और मारुति सुजुकी ने टेस्ट के लिए सीआरएस यानी चाइल्ड रीस्ट्रेंट सिस्टम को भी रेकमंड नहीं किया था। इसी वजह से कार को एनसीएपी टेस्ट में इतना कम स्कोर मिला। यूरोप में बिकने वाली बलेनो की बात करें तो इसमें 6 एयरबैग और ईएससी स्टैंडर्ड वेरियंट में ही मिल जाते हैं। वहीं, लैटिन अमेरिका में इस कार को कंपनी ईएससी और बिना कर्टेन (साइड-बॉडी) एयरबैग्स के ऑफर करती है। सुजुकी ने ऑप्शनल इक्विपमेंट की टेस्टिंग से मना कर दिया था। इससे कार के एक्स्ट्रा सेफ्टी एलिमेंट्स पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। लैटिन एनसीएपी के चेयरमैन स्टीफन ब्राडिजआक ने कहा सुजुकी की तरफ से एक और जीरो स्टार कार को देखना दुर्भाग्यपूर्ण है, इस मामले में बलेनो मॉडल, जिसे कुछ देशों में गुड, नाइस, बलेनो बताकर प्रमोट किया जाता है, उसमें अब हमें लो सेफ्टी को भी शामिल कर लेना चाहिए।

## एप्पल का भारत में दोगुना हुआ कारोबार, प्रीमियम स्मार्टफोन्स में कंपनी की हिस्सेदारी 44 फीसदी



**नई दिल्ली।** टेक्नोलॉजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एप्पल ने वित्त वर्ष 2021 में अपने राजस्व का लगभग एक तिहाई उभरते बाजारों से कमाया और भारत एवं वियतनाम में उसका कारोबार दोगुना हो गया। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने यह जानकारी दी। अमेरिकी कंपनी ने 25 सितंबर, 2021 को समाप्त चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 83.4 अरब डॉलर का राजस्व कमाया।

इस तिमाही में उसकी शुद्ध आय 20.55 अरब डॉलर थी, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 12.67 अरब डॉलर थी। सितंबर 2021 में समाप्त वित्त वर्ष के दौरान कंपनी की कुल शुद्ध बिक्री 365.8 अरब डॉलर रही। कुक ने कहा और हमने सभी क्षेत्रों में मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि के साथ हर भौगोलिक क्षेत्र में तिमाही का रिकॉर्ड स्थापित किया है। वित्त वर्ष 2021 के दौरान, हमने उभरते बाजारों से अपने राजस्व का लगभग एक-तिहाई हिस्सा कमाया और भारत एवं वियतनाम में कारोबार को दोगुना कर दिया। सितंबर 2021 की तिमाही में एप्पल भारत में सालाना आधार पर 212 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे ज्यादा बढ़ने वाला ब्रांड था और प्रीमियम स्मार्टफोन (30,000 रुपये से ऊपर) के बाजार में उसकी हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 44 प्रतिशत थी।

### गुस्से वाले इमोजी पोस्ट करने पर 5, लाइक पर एक पॉइंट

**नई दिल्ली।** फेसबुक कंपनी के लीक हुए आंतरिक दस्तावेज से उजागर हुआ कि कंपनी के इंजीनियरों ने ऐसा एल्गोरिदम विकसित किया, जिससे कि गुस्से और अवसाद वाले इमोजी पोस्ट करने पर 5 पॉइंट और लाइक के लिए केवल एक पॉइंट दिया जाता था। अब आप सोच रहे होंगे कि इससे क्या? इस खबर को अंत तक पढ़ने पर आप पूरी कहानी समझ जाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, लीक दस्तावेज के अनुसार उसके इंजीनियरों का मानना था कि गुस्से और इससे जुड़े इमोजी किसी भी लाइक के इमोजी से ज्यादा वायरल होते हैं। ऐसा करके ऐप को ज्यादा लोकप्रिय बनाया जा सकता है। लोग इमोजी के जरिए ज्यादा से ज्यादा समय तक ऐप पर समय बिताते हैं। देखने में आया है कि फेसबुक के इस फॉर्मूले से ऐप की लोकप्रियता में तो इजाफा हुआ, लेकिन समाज से जुड़े कई मामलों पर लोग तीखी प्रतिक्रिया भी देने लगे। इसमें हाल के दिनों में अमेरिका में हुए कई मामले शामिल हैं, जैसे कि डॉनल्ड ट्रम्प का चुनाव अभियान और रंगभेद विरोधी आंदोलन।

### भारत के टॉप-6 रईसों से भी ज्यादा हुई टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की दौलत

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की दौलत 300 बिलियन डॉलर के पार चली गई है। दुनियाभर में पहली बार है जब किसी कारोबारी ने यह मुकाम हासिल किया है। दिलचस्प बात यह है कि इसी साल एलन मस्क ने पहली बार 200 बिलियन डॉलर के स्तर को पार किया था। सिर्फ 10 माह के भीतर मस्क ने 100 बिलियन डॉलर के सफर को तय किया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की रैंकिंग के मुताबिक एलन मस्क की दौलत 302 बिलियन डॉलर है और वह दुनिया के सबसे रईस अरबपति बने हुए हैं। एलन मस्क की दौलत भारत के टॉप 6 अरबपतियों की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है। भारत के सबसे बड़े रईस अरबपति मुकेश अंबानी हैं। मुकेश अंबानी की दौलत 98.4 बिलियन डॉलर है और वह दुनिया के दौलतमंद अरबपतियों की रैंकिंग में 11वें स्थान पर हैं। वहीं, दूसरे सबसे अमीर अरबपति गौतम अडानी हैं। गौतम अडानी की दौलत 74.5 बिलियन डॉलर है। तीसरे सबसे अमीर अरबपति अजीम प्रेमजी हैं। अजीम प्रेमजी की दौलत 38 बिलियन डॉलर है। चौथे सबसे रईस अरबपति शिव नादर की दौलत 28.6 बिलियन डॉलर है।



## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम लावन एवं ग्राम इमलाहडी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न



**भिण्ड ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अक्षय कुमार द्विवेदी के आदेशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड सुनील दण्डौतिया के द्वारा भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम लावन एवं ग्राम इमलाहडी जिला भिण्ड में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस षिविर में मजिस्ट्रेट जिला न्यायालय भिण्ड बलराम मीणा एवं मजिस्ट्रेट जिला न्यायालय भिण्ड सुश्री मोहिनी भदौरिया के द्वारा वहॉ पर उपस्थित जनसमूह को विभिन्न उपयोगी विधिक जानकारियॉ, नालसा एवं सालसा द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं के साथ ही साथ निःशुल्क विधिक सहायता योजना, महिलाओं के अधिकारों मध्यस्थता योजना, लोक अदालत योजना, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना, 2015 के संबंध में आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पैरालीगल वालेंटियर रामाधार पुरोहित एवं विष्णु श्रीवास के साथ ग्राम पंचायत सचिव/सरपंच, ऑगनवाडी कार्यकर्ता के साथ ही अन्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### सट्टे की पर्चियां लिखते हुए दो युवक गिरफ्तार

**भिण्ड।** मेहगांव थाना क्षेत्रान्तर्गत दो युवक अलग-अलग जगह सट्टे की पर्चियां लिख रहे थे, जिसकी मुखबिर जरिए सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और दोनों के पास से सट्‌टे की पर्ची व नगदी जब्त की। पुलिस ने दोनों आरोपीगणों के विरुद्ध सट्टा एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम 4.50 बजे अवधेश पुत्र महावीर नरवरिया निवासी मुरैना रोड मेहगांव जो क्षेत्र के जयगुरुदेव इलेक्ट्रीकल्स की दुकान के सामने मुरैना रोड पर पर्ची लिख रहे थे, सूचना मिलते ही दबोचकर हिरासत में लिया और उसके पास से एक सट्टे की पर्ची व 1 हजार 430 रुपये की नगदी जब्त की। इसी तरह मौ रोड पर गिर्राज पुत्र नरेश ओझा निवासी काली माता मंदिर के पास मौ रोड पर सट्टा लिखते हुए पुलिस ने दूसरा युवक दबोचा जिसके पास से सट्टा पर्ची व 1 हजार 195 व एक मोबाइल जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### दो वृद्ध आपस में झगड़े, क्रॉस मामला हुआ दर्ज

**भिण्ड।** मिहोना थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.5 में दो वृद्ध आपस में झगड़ पड़े और गाली-गलौज करते हुए मारपीट दोनों ने एक दूसरे को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों की फरियाद पर क्रॉस प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम 5 बजे रामचन्द्र पुत्र मोहन आदिवासी उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड क्र.5 सिद्धपुरा ने बताया उसी मोहल्ला निवासी रामचन्द्र आदिवासी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी तरह दूसरे पक्ष के फरियादी भागीरथ पुत्र स्व. परशुराम राजावत निवासी सुल्तानसिंह पुरा ने बताया आरोपी विकास, सुरजीतसिंह राजावत पुत्र रामनिवास असेंजे ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने दोनों पर क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

### महिला ने कराया ससुराल पक्ष पर दहेज का मामला दर्ज

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के शासकीय क्वार्टर जिला अस्पताल निवासी एक महिला ने थाने में शिकायती आवेदन दिया है जिसमें बताया कि उसके ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर ससुराल पक्ष पर जांच उपरांत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सीमा पत्नी याशीन खान निवासी झांसी मोहल्ला ने बताया उसके ससुराक्ष के लोग विगत 29 अक्टूबर 2016 से अब तक दहेज के लिए मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए गाली-गलौज करते हैं पुलिस ने मामले की जांच उपरांत पति यासीन, सास सरोज, ससुर रसीद, देवरानी रूबी, देवर हसीन निवासीगण जिला हॉस्पीटल परिसर में शासकीय क्वार्टर के विरुद्ध दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**भिण्ड।** लहार थाना क्षेत्र के वार्ड क्र.15 में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सतेन्द्र सिंह पुत्र सरनामसिंह उम्र 31 वर्ष निवासी वार्ड क्र.15 ने बताया गुरुवार दोपहर 3.30 बजे उसकी बाइक क्रमांक एमपी07 क्यूएन0802 जो घर के बाहर खड़ी हुई थी जिसे अज्ञात चोर लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बाइक चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# नकली टमाटो सोस बनाने वाली फैक्ट्री पर पुलिस ने मारा छापा





**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्र के सीता नगर में लंबे अर्से से नकली टोमेटो सॉस बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी, जिसकी सूचना पुलिस को व खाद अधिकारी को मिलते ही दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और फैक्ट्री पर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने शुक्रवार देर रात छापामार कार्रवाई कर टोमेटो सॉस बनाने वाली फैक्टरी पकड़ी है। पुलिस को यहां चार क्विटंल कच्चा माल और एक क्विटंल के करीब तैयार सॉस के पैकेट मिले। फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट के अफसरों ने सैंपल कलेक्ट किए हैं। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसर व फूड अफसर टमाटर सॉस बनाने के तरीके को देखकर दंग रह गए। सॉस बनाए जाने के लिए केमिकल कलर, अरारोट का इस्तेमाल हो रहा था। यह कैमीकल युक्त सॉस जिलेभर के चाइनीज फ्रूड बनाने वालों को सप्लाई किया जाता था, जिसे खाकर कई लोग बीमार भी पड़ रहे थे, जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने नकली सॉस बनाने वाले कर्मचारियों पर को दबोचकर हिरासत में लिया। पुलिस ने नकली टमाटर सॉस की फैक्ट्री का भंडाफोड किया है। इस फैक्ट्री में जो सॉस तैयार किया जा रहा था, उसमें टमाटर ही नहीं था। टमाटर की जगह अरारोट और सिंथेटिक कलर से इसे तैयार किया जा रहा था। 700 एमएल की बोतल 15 से 20 रुपए में बेची जा रही थी, जबकि लागत 8 रुपए में आती थी। ब्राडेंड सॉस की कीमत एक किलो की 140 रुपए के ऊपर है।

सीएसपी आनंद राय ने बताया कि शहर के सीता नगर इलाके में टोमेटो सॉस बनाकर चाइनीज फूड बनाने वाले दुकानदारों को सप्लाई किया जाता है। क्वालिटी ठीक नहीं होने से सॉस हानिकारकर है। ऐसी सूचना पर रात करीब 11 बजे देहात थाना प्रभारी रामबाबू यादव के साथ छापा मारा। फैक्टरी सुरेंद्र बघेल के मकान में संचालित होती मिली। फैक्टरी के अंदर पुलिस को एक कर्मचारी धुरंदर सिंह बघेल मिला। पता चला कि झांसी मोहल्ला निवासी अतुल जैन का है। पुलिस की सूचना पर फूड अफसर रीना बंसल मौके पर पहुंचीं। उन्होंने सॉस की क्वालिटी की जांच के लिए सैम्पलिंग की है। सीता नगर में संचालित हो रही नकली सोस बनाने वाली फैक्ट्री में साफ-सफाई का बिलकुल ख्याल नहीं रखा जा रहा था। बर्तन साफ नहीं हो रहे थे। उपयोग में लाया जाने वाला पानी भी गंदगी पसरी हुई थी। ऐसे में बनाए जाने वाले खाने पीने के पदार्थ को तैयार करके बाजार में बेचा जा रहा है जिसे खाने पर कोई भी बीमार हो सकता है। इसलिए कर्मचारियों को फटकार लगाई और सेम्पल लेकर जांच के लिए भेज दिये हैं।

# एनएएस में भिण्ड को प्रदेश में नम्बर 1 लाना है : कलेक्टर

### एक दिवसीय वृहद कार्यशाला आयोजित



**भिण्ड ।** कलेक्टर सतीश कुमार एस की अध्यक्षता एवं संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक वरुण अवस्थी के निर्देशन में एनएएस समीक्षा एवं क्षमतावर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में आगामी 12 नवम्बर 2021 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे के लिए विकासखण्डवार जिले की रणनीति तैयार की गई। इस कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त सहायक परियोजना समन्वयक, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, समस्त आहरण संवितरण अधिकारी प्राचार्य, समस्त जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, समस्त बीआरसीसी एवं समस्त जनशिक्षक उपस्थित हुए। कार्यशाला की शुरुआत जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर ने अभी तक एनएएस की तैयारी एवं जिले के विद्यालयों में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के अनुभव को सभी स्कूलों तक पहुंचाने पर जोर दिया। तदुपरांत उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री पूरन सिंह चौहान ने आगामी दिनों में एनएएस की प्लानिंग की रूपरेखा प्रस्तुत की। कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में छात्र/शिक्षक उपस्थिति, विद्यालय समय में छात्र/शिक्षक ठहराव, भाषाई कोशलों की प्राप्ति, गणित की बुनियादी समझ प्रत्येक बच्चे में विकसित हो, पर जोर दिया। इसी प्रकार विद्यालय में विभिन्न विषयों के सीखने की विशिष्ट गतिविधियां और आयाम प्राप्त करने की योजना पर जोर दिया। उन्होंने एनएएस में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य सभी सर्व संबंधितों को दिया।

इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में संदीप सिंह कुशवाह, शैलेश त्रिपाठी, अशोक शर्मा एवं प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुणवत्तापूर्ण सीखने के लिए लर्निंग प्लान और रोड मैप तैयार कर सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में जिला स्रोत समूह सदस्य परमाल सिंह, वरुण सिंह, मीना ओझा आदि उपस्थित रहे।

## पांच दिन दिवाली के शेष, शहर में चंहुओर पसरी गंदगी

**भिण्ड।** इन दिनों शहर की सड़कें हों या गली-मोहल्ले हर तरफ कचरे का अंबार लगा हुआ है। दीपावली में घर और दुकान में साफ-सफाई के कारण अन्य दिनों की तुलना में चार गुना अधिक कचरा निकल रहा है। आलम यह है कि सुबह कचरे का उठाव होता है। घंटे दो घंटे बाद उसी स्थान पर चार गुना अधिक कचरा जमा हो जाता है। जितना कूडा निकल रहा, उसका एक चौथाई ही नगर पालिका ठिकाने लगा पा रही है। सड़कों पर जमा कूडा न सिर्फ सरांध पैदा कर रहा है, बल्कि वाहनों के रफ्तार को भी रोक रहा है। पैदल चल रहे राहगीरों को भी कठिनाई होती है। कूडे के कारण शहर में नारकीय हालात है। दीपावली के पांच दिन शेष बचे है जिसके बाद भी शहर की सड़कों व गलियों से कचरा अभी तक नहीं उठ सकता है ऐसे में नगर पालिका कैसे दिवाली तक शहर को कचरा मुक्त करेगी या फिर यह कहें कि नपा की उदासीनता के चलते लोगों को इस बार कचरे के बीच ही दिवाली मनानी होगी, क्योंकि सफाई दरोगा से लेकर छोटे कर्मचारी साफ-सफाई करने में रुचि नहीं ले रहे है। इस संबंध मे वार्ड क्र.24 निवासी राजू मिश्रा ने बताया मेरे मोहल्ले में बहुत गंदगी है साफ-सफाई को लेकर सीएमओ व आरआई राजवीर को कई दफा बताया जिसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है, इसी तरह वार्ड क्र.21 निवासी मोनू तोमर ने बताया सफाई दरोगा है कि कचरा उठाने के लिए नहीं सुन रहा है ऊपर से दिवाली भी बहुत नजदीक है। नगरीय प्रशासन साफ-सफाई में इस बार कतई रुचि नहीं दिखा रहा है। कचरा उठाने वाली गाड़ियां भी कभी-कभार आती है इसलिए सड़कों पर कचरा फैल रहा है। नपा में पदस्थ पांच सैकड़ा कर्मचारी दिखाई नहीं दे रहे है इसलिए चहुओर कचरा ही कचरा नजर आ रहा है।




**साफ-सफाई में जुटे शहरवासी:** दीपावली पर शहरवासी अपने घरों के साफ-सफाई में लगे हैं। दुकान व प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई व रंग रोगन का काम चल रहा। इससे बडी मात्रा में कूडा निकल रहा है। प्रतिदिन जहां पहले सौ टन कूडा निकलता था। वहां चार सौ टन से ज्यादा कचरा निकल रहा है। नगर पालिका अपने दैनिक कर्मियों द्वारा साफ-सफाई का कार्य करा रही है। इसके बावजूद समस्या बरकरार है। सफाई निरीक्षक राजवीर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा तीन-चार ट्रैक्टर व गली-मोहल्ले में हाथ ठेला के माध्यम से कचरे का उठाव किया जा रहा है।

### इनका कहना है:

शहर में अभियान चलाकर कूडे का उठाव किया जा रहा है। कूडे को सही स्थान पर डालें, ताकि आवागमन में लोगों को परेशानी न हो और हम दिवाली से पहले कचरा उठवा लेंगे।

**-सुरेन्द्र शर्मा,** सीएमओ नगर पालिका भिण्ड

## बैको से प्राप्त ऋण को नियम एवं समय सीमा मे वापस करे ताकि बैंक अन्य हितग्राहियो को ऋण देने मे आना कानी न करे : कलेक्टर



### 'ऋण संपर्क अभियान' के अन्तर्गत हितग्राहियो को दे रहे ऋण

**भिण्ड ।** आजादी के 75 साल पूरे होने पर अमृत महोत्सव अंतर्गत देश के समग्र आर्थिक विकास को बल देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण भारत मे समस्त बैको की सभी शाखाओ मे 15 नवम्बर 2021 तक ऋण संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। गोहद विकासखण्ड स्तर पर 'ऋण संपर्क अभियान' आयोजित किया गया। उपरोक्त ऋण अभियान मे कलेक्टर डॉ0 सतीश कुमार एस के द्वारा दीप प्रज्जुलन केया गया। कार्यक्रम मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जे.के. जैन, एस.डी.एम. गोहद शुभम् शर्मा, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत, गोहद श्याममोहन श्रीवास्तव, नाबार्ड आशीष श्रीवास्तव क्षेत्रीय कार्यालय, सेंट्रल बैंक से दिनेश तिवारी, प्रताप सिंह, एल.डी.एम. विनय मिश्रा, डायरेक्टर, आर.सेटी. भिण्ड आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने जनसमुदाये को संबोधित करते हुये कहा कि स्व-सहायता समूह का विकास मे एक बहुत बढा योगदान है। बैंको को स्व-सहायता समूहो के ऋण वितरित करने चाहिये, इन ऋणो मे एन.पी.ए. दर भी बहुत कम है। उन्होने जनसमुदाय से आग्रह किया कि वह बैको से प्राप्त ऋण को नियम एवं समय सीमा मे वापस करे ताकि बैंक अन्य हितग्राहियो को ऋण देने मे आना कानी न करे। विकास खण्ड स्तर पर भी ऋण स्वीकृत/वितरण कैंप व जिला स्तर पर मेगा ऋण वितरण कैंप का आयोजन होगा। जिसमें सभी बैंक एक साथ एक मंच पर आकर जिले के आर्थिक विकास मे ऋण स्वीकृत /वितरण द्वारा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जिसमें कृषको एवं नए ग्राहको को विभिन्न प्रकार के ऋण की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। अग्रणी जिला प्रबंधक प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया कि अभियान के दौरान जिले के आर्थिक सहयोग के लिए पात्र हितग्राहियो को किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन ऋण, थ्रेसर ऋण, वेयर हाउस, ट्रैक्टर, आर्वेस्टर एवं स्प्रिंकलर के लिए ऋण, फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए ऋण, एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत ऋण, पीएमएफएमई (ओडीओपी) के तहत ऋण, कृषक उत्पादक संगठन ऋण एवं अन्य कृषि उपकरण हेतु ऋण के साथ साथ स्व-सहायता समूह ऋण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ऋण, एएचआईडीएफ के तहत ऋण, ईसीएलजीएस ऋण, स्टैंडअप इंडिया के तहत ऋण अन्य सूक्ष्म, लघु मध्यम इकाई के लिए ऋण, आत्मनिर्भर भारत स्कीम के तहत ऋण, रिटेल ऋण, शिक्षा ऋण, गृह ऋण, वाहन ऋण एवं व्यक्तिगत ऋण की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई, इस अवसर पर कुल 417 हितग्राहियो को रू. 14.70 करोड के स्वीकृति पत्रक प्रदान किये गये।

इस अवसर पर एल.डी.एम. प्रताप सिंह ने जनसमुदाय को बताया कि ऋण संपर्क अभियान आजादी के 75वें वर्ष मे देश आजादी के अमृत महोत्सव पर जिले के प्रत्येक विकास खण्ड एवं जिला तथा राज्य स्तर पर राज्य की राजधानियो मे किये जा रहे है इनका उद्देश्य आम जन को रोजगार तथा अपने पैरो पर खड़ा करना है। उन्होने कहा ऋण वापसी की स्थिति मे ही अन्य हितग्रहियो को ऋण प्राप्त हो सकेगे। अतः यहा उपस्थित जनमानस अपने गांव/शहर/परिचितो को इसके बारे मे बताये तभी यह अभियान सफल हो सकेगा। जिले मे आगामी बैंक/शाखाओ मे प्रतिदिन ऋण वितरण का आयोजन किया जा रहा है। जिले मे निम्न तिथियो मे शिविर का आयोजन किया जाना हैं। विकास खण्ड भिण्ड के अन्तर्गत 6 नवम्बर को श्रीकृष्णा मैरिज गार्डन, शारदा टॉकीज के पास, ग्वालियर रोड, भिण्ड (मेगा शिविर), विकास खण्ड मेहगांव के अन्तर्गत 9 नवम्बर को विकास खण्ड मेहगांव के अन्तर्गत जनपद पंचायत मेहगांव में, 10 नवम्बर को विकास खण्ड रौन के अन्तगर्तत जनपद पंचायत रौन पर, 11 नवम्बर को विकास खण्ड लहार के अन्तर्गत जनपद पंचायत लहार पर एवं 15 नवम्बर 2021 को विकास खण्ड अटेर के अन्तर्गत जनपद पंचायत अटेर पर षिविर लगाए जाएंगे।

## ॅनगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यो एवं निर्माण एजेंसी की बैठक आयोजित



**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में नगर पालिका भिण्ड अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों एवं संबंधित निर्माण एजेन्सी की बैठक नगर पालिका परिषद भिण्ड के सभागार में लेकर निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के नगर पालिका भिण्ड सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में कई ऐसे निर्माण कार्य मिले हैं जो कि काफी लंबे समय से स्वीकृत हैं लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसके अलावा कई ऐसे कार्य हैं जिसमें गति धीमी है। शहर में कई जगह जलावर्धन व सीवरेज की खुदाई के बाद सड़कों व नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। ऐसे स्थानों को चिन्हित कर इन कार्यों को पूरा करने निर्देश दिए उन्होंने नगर पालिका द्वारा किए जाने वाले कामों की समीक्षा करते हुए कहा जो भी निर्माण शुरू किए जा रहे हैं उसकी डेडलाइन तय करो। उसके हिसाब से काम करोगे तो समय पर पूरा होगा। कलेक्टर ने निर्माण शाखा, बीपीएल कार्ड शाखा, सामाजिक न्याय शाखा एवं अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने वसूली के संबंध में जानकारी चाही, जिस पर वसूली में प्रगति ठीक नहीं पाई जाने पर नाराजगी जताई।

## अफगानिस्तान में चीन

अमेरिका के काबुल छोड़ने के साथ ही चीन अफगानिस्तान में जगह बनाने को आतुर दिख रहा है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टॉप चीनी नेता कई बार तालिबान प्रतिनिधिमंडल से मिल चुके हैं। अफगानिस्तान में एक्टिव हो रहे कई आतंकी संगठनों को रोकने के लिए तालिबान बगराम एयरबेस को किसी तीसरे देश को सौंपने पर विचार कर रहा है। इस तीसरे देश की लिस्ट में चीन, पाकिस्तान और अमेरिका जैसे देश सबसे ऊपर हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि तालिबान सरकार में रक्षामंत्री मुल्ला याकूब और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित गृहमंत्री और ग्लोबल आतंकी सिराजुद्दीन हक्कानी के बीच जारी टकराव का फायदा आतंकी संगठन उठा रहे हैं। मौजूदा वक्त में अमेरिका अल कायदा और हक्कानी नेटवर्क जैसे आतंकी संगठनों को लेकर चिंतित है क्योंकि हक्कानी नेटवर्क तालिबान सरकार चला रहा है। इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन भी अफगानिस्तान में अपने पैर पसार रहा है। चीन उइगर आतंकियों को लेकर बेहद अलर्ट है तो भारत जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों से अलर्ट है। चीन ने वखान कॉरिडोर की निगरानी के लिए ताजिकिस्तान में एक और सैन्य अड्डा खोलने का फैसला किया है। इसके जरिए चीन अपने अशांत प्रांत शिनजियांग के साथ ही अफगानिस्तान पर भी नजर रखना चाहता है। अपने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को लेकर भी चीन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन जैसे आतंकी संगठनों से चिंतित दिखाई दे रहा है। सिर्फ चीन ही नहीं, मध्य एशियाई देश भी अफगानिस्तान के हालात को लेकर चिंतित हैं क्योंकि अफगानिस्तान उज्बेकिस्तान के इस्लामी आंदोलन और पूर्वी तुर्किस्तान आजादी आंदोलन का केंद्र बनता दिख रहा है। जो बाइडेन प्रशासन खुले तौर पर अफगानिस्तान में अल कायदा की उपस्थिति को स्वीकार कर रहा है लेकिन अमेरिका वापस अभी अफगानिस्तान का रुख नहीं करना चाहता है। और तालिबान की वायुशक्ति इतनी नहीं है कि वह आतंकी गुटों का सफाया कर सके। ऐसे हालात में तालिबान बगराम एयरबेस को किसी और देश को सौंपने को लेकर विचार कर रहा है। पाकिस्तान चाहता है कि तालिबान इस एयरबेस को चीन को सौंप दे लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि तालिबान का एक गुट इसे बीजिंग को सौंपने के विरोध में है। तालिबान अमेरिका को भी बगराम एयरबेस सौंपने पर विचार कर रहा है ताकि सालों से युद्धग्रस्त देश को जरूरी मानवीय सहायता मिल सके। अगर तालिबान का एक धड़ा चीन को एयरबेस दिलाने में कामयाब हो गया तो वह मानवीस सहायता के नाम पर भारत के साथ अन्य एशियाई देशों के खिलाफ अपनी ताकत बढ़ाने का काम करेगा। चीन की मंशा हर तरफ से भारत को घेरने की है, ताकि वह दबाव बनाकर अपना मतलब साफ कर सके।

# निर्भीक एंव सच्चे देशभक्त सरदार वल्लभभाई पटेल

**मुकेश तिवारी**

सरदार वल्लभभाई पटेल का व्यक्तित्व अन्य भारतीय नेताओं से भिन्न है।उनमें निहित दूरदर्शिता ,भारतीयता के प्रति सच्ची लगन कठिनाईओं से जूझने की शत्ति तथा सहनशीलता ,निडरता अपने आप में एक उदाहरण है।यह पटेल की निरंतर चेष्टा का ही परिणाम है कि बिखरे हुए भारत को एक जुटकर एक राष्ट्र के रूप में परिवर्तित कर दिया ।वे एक अच्छे वक्ता भी थे। सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाद गांव में उनकी ननिहाल में हुआ था , उनके पिता का नाम झवेर भाई था वह स्वयं खेती करते थे पटेल की माॅ का नाम लाडबाई था।झवेर भाई मूलतः वोरसद क्षेत्र के करमसद गॉव के रहने वाले थे ।इनके छः सन्ताने थी जिनमें पांच पुत्र और एक पुत्री थी।

वल्लभभाई का वाल्यकाल माता पिता के साथ गॉव में बीता तथा यही पर इनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई इसके पश्चात माध्यमिक स्तर की शिक्षा उन्होने नडियाद और बडौदा से पूर्ण की। वल्लभभाई के पिता बडे साहसी ,संयमी और देश भक्त पुरूष थे। वे 1857 की क्रांति के दौरान घर वालो को बिना बताए तीन साल तक घर से नदारद रहे । उन्होने उत्तरी भारत का भ्रमण किया ।झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सहित नाना साहिब घोडोपंत की सेना में विधिवत भर्ती होकर ब्रिटिश सेना से अनेक मर्तवा युद्व किया। वाल्यकाल से ही संयम ,साहस,वीरता और देश भक्ति के गुण उन्हें पिता ने प्रदान किए थे। वे बालअवस्था से ही समय के अधिकतम उपयोग तथा अपने दायित्व के प्रति हर वक्त समर्पित रहते थे।राजनीति में प्रवेश करने के पश्चात इन गुणो ने वल्लभ भाई को हिन्दुस्तान के विखरे हुए स्वरूप को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रेरित किया।वल्लभभाई अपने जीवन में नैतिक गुणों पर ज्यादा बल देते थे कोई भी प्रलोभन उन्हें सहीं मार्ग से विचलित नहीं कर सका । उनकी दृढ निर्णय की प्रवृति ने ही उन्हें लौह पुरूष कहलाने का सम्मान प्रदान किया तथा योग्य नेतृत्व के गुणों ने सरदार की पदवी से विभूषित करवाया ।वल्लभभाई की यह विशेषता थी ि कवह प्रत्येक कार्य समय पर करते थे ।

वल्लभभाई नैतिकता के पक्षधर थे ।पटेल जिस वक्त नाडियाद में तालीम ले रहे थे उसी दौरान उन्होने बिना किसी खौफ के विघालय की अव्यवस्थाओं को लेकर आंदोलन किया यहां स्कूल का एक शिक्षक पुस्तकों को बेचने का कारोबार करता था अतः शिक्षक उससे ही पुस्तक खरीदने के लिए छात्रो पर दबाव डालते थे ।वल्लभभाई को यह बात नागवार लगी ,उन्होने इसे नैतिकता का हनन मानकर विरोध स्वरूप आंदोलन प्रारंभ कर दिया ।अंततः शिक्षकों को झुकना पडा ।

वल्लभभाई का अडिग व्यक्तित्व अनुचित बातों को कभी भी स्वीकार नहीं कर सका ।अल्प समय के बाद ही एक अन्य शिक्षक से उनका विवाद हो गया,अतः उन्हें स्कूल से निकाल दिया गया ।पटेल फिर से नाडियाद आ गए । सच पर कायम रहने और अन्याय का हर हाल में विरोध करने की उनकी बालअवस्था की प्रवृति ही भविष्य में बिखरे हिन्दुस्तान को एकजुट करने का पूर्वाभ्यास सिद्व हुई।वल्लभभाई के व्यक्तित्व में दब्बूपन व दूसरों पर आश्रित रहने के भाव का समावेश कभी नहीं था। वे हमेशा स्वतंत्र भाव का समावेश कभी नहीं था ।अपनी कवलियत ,कार्यकुशलता ,व्यवहार व वाकूचातुर्य पर उन्हें पूरा भरोसा था,इन्ही गुणों कि वजह से गोधरा में वकालत करते समय उन्होंने काफी ख्याति अर्जित की । पटेल हत्या जैसे संगीन मामलों में भी अपने तर्को से हमेशा प्रभावी बने रहते और हरेक मामले को जीतते थे । वल्लभभाई जुलाई 1917 में गुजरात क्लब के सचिव चुने गए इन दिनों गांधी जी बिहार के चंपारन जिले में नील की खेती के अग्रेज ठेकेदारों द्वारा शोषित कृषको के लिए गांव-गांव घूमकर उनके अधिकारों के लिए लड रहे थे । जिसका देशव्यापी प्रभाव पड रहा था वल्लभभाई के जहन में गांधी जी के प्रति आदर भाव बढा ,जो उनके भावी राजनीतिक जीवन का सूत्रधार सिद्व हुआ ।पटेलजी गुजरात सभा के सदस्य थे ।इस सभा ने सन् 1917 में गोधरा में गांधीजी की अध्यक्षता में एक सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें अनेक ख्यति प्राप्त नेता शामिल हुए जिसमें



सभी नेताओं ने हिन्दी व गुजराती में भाषण दिया ।यहां तक कि जिन्ना ने भी गुजराती में भाषण दिया किसी भी नेता ने अग्रेजी में भाषण नहीं दिया ।ब्रिटिश ताज के प्रति वफदारी का प्रस्ताव पारित किया जाना समाप्त करवाया गया तथा इसे अनावश्यक करार दिया गया । अंग्रेजों और अंग्रेजी शासन का ऐसा विरोध पहली बार हुआ था ।इस दौरान एक कार्य समिति का गठन किया गया जो परिषद का अधिवेशन होने तक कार्य करती रही ।

इस समिति के गांधीजी स्वयं अध्यक्ष रहे तथा वल्लभभाई को मंत्री नियुक्त किया गया ।इस दौरान देश में होमरूल की स्थापना हो चुकी थी और सारे देश में बेगार विरोधी आंदोलन जोर पकड रहा था। परिषद का मंत्री होने के कारण उक्त कार्यक्रम को साकार करने का दायित्व वल्लभभाई पर था । वल्लभभाई ने अत्यंत उत्साह से कार्य प्रारंभ किया उन्होने कमिश्नर के साथ पत्र व्यवहार किया । शुरूआत में कमिश्नर ने ना-नुकुर की लेकिन पटेल ने सात दिन का नोटिस देकर स्पष्ट कर दिया कि यदि समय से उत्तर नही दिया तो वे हाईकोट के फैसले के आधार पर बेगार प्रथा को गैर कानूनी ठहराकर लोगो को बेगार देना बंद करने की सूचना दे देगें इस पर कमिश्नर ने नोटिस की समयसीमा समाप्त होने से पूर्व ही वल्लभभाई को बुलाकर उनकी इच्छा के अनुसार निर्णय दे दिया । उधर गांधी जी को वल्लभभाई की इस सफलता के बारे में जानकारी मिली वे काफी प्रसन्न हुए ।इसके पश्चात इनका संपर्क गाधीजी के साथ बढा वे राजनैतिक क्षेत्र में उनके विश्वासपात्र बन गए।घर की माली हालत ठीक न होने की वजह से उन्होने वकालत करनी प्रांरभ कर दी । वकालत के पेशे से तीन वर्ष के अल्पसमय में वल्लभभाई ने इतना धन अर्जित कर लिया था ि कवह आसानी से विदेश जाकर वकालत का और अधिक अध्ययनकर सकते थे ।अतः उन्होंने 1905 में टामस कुक एंड कंपनी के साथ पत्र-व्यवहार किया तथा विदेश यात्रा के लिए जहाज का प्रबंध किया । इसी बीज टामस कुक एंड कंपनी का पत्र पटेल के बडे भाई विट्ठल को मिल गया ।पत्र पढते ही उनके जहन में विदेश जाकर वैरिस्टरी पास करने की इच्छा जागृत हो गयी । उन्होने वल्लभभाई से इच्छा व्यक्त कि मै वैरिस्टरी पास करने के लिए विदेश जाना चाहता हूॅ मेरे लौटकर आने के पश्चात तुम विदेश चले जाना ।यधपि यह बात वल्लभभाई को अच्छी नही लगी लेकिन मान -मर्यादा के प्रति समर्पित भाव रखने वाले वल्लभभाई ने छोटा भाई होने के कारण बडे भाई की आज्ञा का पालन किया और उन्हें विदेश जाने दिया ।वल्लभभाई में परिस्थितियों को अनुकूल बना लेने की विशेष क्षमता थी ।बडे भाई के विदेश से लौटने के पश्चात अगस्त 1910 में वल्लभभाई भी बैरिस्टरी की पढाई करने के लिए विदेश गएं।वहां पहुचकर बैरिस्टरी की पढाई के लिए वे मिडिल टेम्पल में भरती हुए ।यहां उन्होने रोमन लॉ की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की ।इतना ही काफी नही।बैरिस्टरी की परीक्षा में भी उन्होने प्रथम स्थान प्राप्त किया उस साल का पुरस्कार वल्लभभाई तथा डेविस के बीच बांटा गया।

पटेल पुस्तकालय में पूरी तन्मयता से तब तक अध्ययन करते रहते जब तक पुस्तकालय बंद नहीं हो जाता था। वल्लभभाई ने अपनी अंतिम परीक्षा जून 1912 में उत्तीर्ण की जिसमें उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ ।उन्हें 50 पौण्ड का नकद पुरस्कार मिला वल्लभभाई अपने वाक् चातुर्य से कर्म क्षेत्र में सदैव ही अपना प्रभाव छोडने में सफल रहे ।लौह पुरूष के नाम से विश्व में ख्याति अर्जित करने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल सदैव से ही धैर्यवान व आत्मसंयमी रहे है, बडी से बडी कठिनाई को भी हंसते हुए सहन कर लेना उनके व्यकितत्व का अंग बन गया था।उन्होने प्रत्येक विपरीत परिस्थिति में अपना धैर्य बनाए रखा तथा मजबूती से कर्तव्य पथ पर अडिग रहें ।

## मरने के बाद कहां जाता है इंसान

सभी धर्मों में पुनर्जन्म की बात कही गयी है, यानी एक शरीर को छोड़ने के बाद इंसान दूसरे शरीर में प्रवेश करता है। लेकिन मृत्यु के बाद से पुनर्जन्म लेने तक जीव कहां रहती है यह एक बड़ा सवाल है। भगवान श्री कृष्ण ने भी गीता में कहा है कि आत्मा न तो जन्म लेती है और न मरती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जीव के मरने के बाद आत्मा कहां जाती है। इसका उत्तर आप जरूर जानना चाहते होंगे। 18 पुराणों में से गरूड़ पुराण ही एक ऐसा पुराण है जिसमें इस प्रश्न का उत्तर दिया गया है। इस पुराण में कहा गया है कि मृत्यु के बाद जीवात्मा को शरीर से निकाल कर ले जाने के लिए दो यमदूत आते हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन काल में अच्छे कर्म करते हैं उनकी आत्मा शरीर से आसानी से निकल जाती है। जिनका अपने शरीर से मोह नहीं जाता है और जीवन काल में अच्छे कर्म नहीं करते हैं उन्हें यमदूत जबरदस्ती खींच कर अपने साथ ले जाते हैं। शरीर से निकलने के बाद आत्मा अंगूठे के आकार का बन जाता है। यह दिखने में उसी प्रकार का होता है जैसा मृत व्यक्ति दिखने में होता है। इस आत्मा को लेकर यमदूत यमराज के पास जाते हैं। यहां उसे 24 घंटे रखा जाता है और जीवन काल में उसके द्वारा किये गये अच्छे बुरे कर्मों को दिखाया जाता है। इसके बाद आत्मा को पुन~ उसी स्थान पर लाकर रख दिया जाता है जहां से यमदूत उसे लेकर जाते हैं। 13 दिनों तक इस स्थान पर रहकर आत्मा अपने शरीर का अंतिम संस्कार देखता है। इसके बाद यमदूत उसे अपने साथ लेकर पुन~ यमलोक की ओर चलते हैं। इस रास्ते में आत्मा को यम की भयानक नगरी के दर्शन कराये जाते हैं।

## श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एक अजीम शख्यियत थीं। उनके भीतर गजब की राजनीतिक दूरदर्शिता थी। इंदिरा का जन्म 19 नवंबर, 1917 को हुआ। पिता जवाहर लाल नेहरू आजादी की लड़ाई का नेतृत्व करने वालों में शामिल थे। वही दौर रहा, जब 1919 में उनका परिवार बापू के सानिध्य में आया और इंदिरा ने पिता नेहरू से राजनीति का ककहरा सीखा।

मात्र 11 साल की उम्र में उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए बच्चों की वानर सेना बनाई। 1938 में वह औपचारिक तौर पर इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल हुईं और 1947 से 1964 तक अपने प्रधानमंत्री पिता नेहरू के साथ उन्होंने काम करना शुरू कर दिया। ऐसा भी कहा जाता था कि वह उस वक्त प्रधानमंत्री नेहरू की निजी सचिव की तरह काम करती थीं, हालांकि इसका कोई आधिकारिक ब्यौरा नहीं मिलता।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को राजनीति विरासत में मिली थी और ऐसे में सियासी उतार-चढ़ाव को वह बखूबी समझती थीं। यही वजह रही कि उनके सामने न सिर्फ देश, बल्कि विदेश के नेता भी उन्नीस नजर आने लगते थे। अत~ पिता के निधन के बाद कांग्रेस पार्टी में इंदिरा गांधी का ग्राफ अचानक काफी ऊपर पहुंचा और लोग उनमें पार्टी एवं देश का नेता देखने लगे। वह सबसे पहले लाल बहादुर शास्त्री के मंत्रिमंडल में सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनीं। शास्त्री जी के निधन के बाद 1966 में वह देश के सबसे शक्तिशाली पद प्रधानमंत्री पर आसीन हुईं।

एक समय 'गूंगी गुडिया' कही जाने वाली इंदिरा गांधी तत्कालीन राजघरानों के प्रिवी पर्स समाप्त कराने को लेकर उठे तमाम विवाद के बावजूद तत्संबंधी प्रस्ताव को पारित कराने में सफलता हासिल करने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने जैसा साहसिक फैसला लेने और पृथक बांग्लादेश के गठन और उसके साथ मैत्री और सहयोग संधि करने में सफल होने के बाद बहुत तेजी से भारतीय राजनीति के आकाश पर छा गईं । वर्ष 1975 में आपातकाल लागू करने का फैसला करने से पहले भारतीय राजनीति एक ध्रुवीय सी हो गई थी जिसमें चारों तरफ इंदिरा ही इंदिरा नजर आती थीं। इंदिरा की ऐतिहासिक कामयाबियों के चलते उस समय देश में 'इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा' का नारा जोर-शोर से गूंजने लगा। इंदिरा उस वक्त राजनीति एक ध्रुवीय हो गई थी। उनकी शख्सियत इतनी बड़ी हो गई थी कि उनके सामने कोई दूसरा नजर नहीं आता था। अपने व्यक्तित्व को व्यापक बनाने के लिए उन्होंने खुद भी प्रयास किया। इंदिरा के बारे में सबसे सकारात्मक बात यह है कि वह राजनीति की नब्ज को समझती थीं और अपने साथियों से उनका बेहतरीन तालमेल था।



गरीबी मुक्त भारत इंदिरा का एक सपना था। आज भी वह सपना साकार नहीं हो पाया है। सभी लोगों को भारत से गरीबी को मिटाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, ताकि उनके सपने को हकीकत में तब्दील किया जा सके। इस बात की जानकारी बहुत कम लोगों को होगी कि जनता पार्टी के शासनकाल में श्रीमती इंदिरा गांधी पूरी तरह आध्यात्मिकता की ओर उन्मुख हो गई थीं। उन दिनों सुबह-सवेरे के नित्यकर्मों से विमुक्त होने के बाद वे लगभग एक घंटे तक योगाभ्यास करती थीं और तत्पश्चात मा आनंदमयी के उपदेशों का मनन। सुबह दस बजे से लेकर बारह बजे के मध्य वे आगंतुक दर्शनार्थियों से मिलती थीं।

इन अतिथियों में विभिन्न प्रदेशों के कांग्रेसी नेताओं के अतिरिक्त कतिपय साधु-संत भी होते थे। अपनी उन भेंट-मुलाकातों के मध्य आमतौर पर श्रीमती गांधी के हाथों में ऊन के गोले और सलाइयां रहती थीं। अपने स्वजनों के लिए स्वेटर आदि बुनना उन दिनों उनकी हॉबी बन गई थी। एक बजे के लगभग भोजन करने के बाद वे घंटेभर विश्राम करती थीं। विश्राम के बाद अक्सर वे पाकिस्तान के मशहूर गायक मेहंदी हसन की गजलों के टेप सुनती थीं। रात में बिस्तर पर जाने के पहले उन्हें आध्यात्मिक साहित्य का पठन-पाठन अच्छा लगता था। इस साहित्य में मा आनंदमयी के अतिरिक्त स्वामी रामतीर्थ और ओशो की पुस्तकें प्रमुख थीं।

# गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है : सरदार पटेल

### सूडोकु नवताल- 5878

✶✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5877 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

**श्वेता गोयल**

राष्ट्रीय एकता की मिसाल रहे सरदार पटेल ने सदैव देशवासियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। समय-समय पर उन्होंने अपने वक्तव्यों द्वारा लोगों को आलस्य त्यागने, मेहनत करने, ईश्वर तथा सत्य में विश्वास रखने, अन्याय का डटकर मुकाबला करने जैसे प्रेरक संदेश दिए और देश के लिए कुछ अलग हटकर कार्य करने को प्रेरित किया। वे कहा करते थे कि जो काम कल करना हैं, उसकी बातों में ही आज का काम बिगड़ जाएगा और आज के काम के बिना कल का काम नहीं होगा, इसलिए आज का काम कीजिए तो कल का काम अपने आप हो जाएगा। कल हमें कोई मदद देने वाला है, सही सोचकर अगर आज बैठे रहे तो आज भी बिगड़ जाएगा और कल तो बिगड़ेगा ही। कोशिश करना हमारा फर्ज है और अगर हम अपने फर्ज को ही पूरा न करें तो हम ईश्वर के गुनाहगार बनते हैं। कर्म पूजा है लेकिन हास्य जीवन है और जो कोई भी अपना जीवन बहुत गंभीरता से लेता है, उसे एक तुच्छ जीवन के लिए तैयार रहना चाहिए। पिछला दुखड़ा रोना कायरों का काम है और हिसाब लगाकर मुकाबले की तैयारी करना बहादुरों का काम है। कठिन समय में कायर लोग बहाना ढूंढ़ते हैं जबकि बहादुर व्यक्ति रास्ता खोज लेते हैं। उतावले उत्साह से बड़ा परिणाम निकलने की आशा नहीं रखनी चाहिए।

सरदार पटेल कहते थे कि बेकार मत बैठिये क्योंकि बेकार बैठने वाला अपना ही सत्यानाश कर डालता है। रात-



दिन कार्य करने वाला अपनी इन्द्रियों को आसानी से वश में कर लेता है, इसलिए आलस्य छोड़िये। उनका कहना था कि अगर कोई चीज मुफ्त मिलती है तो उसकी कीमत कम हो जाती है जबकि परिश्रम से पाई हुई चीज की कीमत ठीक तरीके से लगाई जाती है। लोगों को मेहनत और कर्म करने के लिए प्रेरित करते हुए वह कहते थे कि यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं लेकिन इससे भी बड़ा सच यह है कि किनारे पर ही खड़े रहने वाले लोग तैरना भी नहीं सीखते। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसी की अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। वह कहते थे कि आपकी अच्छाई आपके मार्ग में बाधक है, इसलिए अपनी आंखों को क्रोध से लाल होने दीजिए और अपने मजबूत हाथों से अन्याय का डटकर सामना कीजिए।

लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सदैव कहते थे कि गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। हमें केवल भगवान के आगे झुकना चाहिए, दूसरों के आगे नहीं। जो कोई भी सुख और दुःख का समान रूप से स्वागत करता है, वास्तव में वही सबसे अच्छी तरह से जीवन जीता है। हमें सदैव ईश्वर और सत्य में विश्वास रखकर प्रसन्न रहना चाहिए। यहां तक कि अगर हम हजारों की दौलत भी गंवा दें और हमारा जीवन बलिदान हो जाए तो भी हमें मुस्कुराते रहना चाहिए। बहुत बोलने से कोई लाभ नहीं होता बल्कि हानि ही होती है। हमें गम खाना सीखना चाहिए और मान-अपमान सहन करने की आदत डालनी चाहिए।

सरदार पटेल को देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। वह कहते थे कि हर इंसान सम्मान के योग्य है, जितना उसे ऊपर सम्मान चाहिए, उतना ही उसे नीचे गिरने का डर नहीं होना चाहिए। लौहपुरूष का कहना था कि आम का फल समय से पहले तोड़ोगे तो वह खट्टा ही लगेगा और दांत खट्टे हो जाएंगे लेकिन अगर उसे पकने देंगे तो वह अपने आप टूट जाएगा और अमृत के सामान लगेगा।

## हम विश्व गुरु हैं या विश्व-चेले

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

उप-राष्ट्रपति वैंकय्या नायडू ने अपने पिछले कई भाषणों में इस बात पर बड़ा जोर दिया है कि प्राचीन काल में भारत विश्व गुरु था और अब उसे वही भूमिका निभाना चाहिए। इसी बात पर उन्होंने पिछले सप्ताह गोवा के एक कालेज-भवन का उद्घाटन करते हुए अपना तर्कपूर्ण भाषण दिया। आश्चर्य है कि हमारे कोई भी शिक्षा मंत्री इस तरह के विचार तक प्रकट नहीं करते। उन्हें अमली जामा पहनाना तो बहुत दूर की बात है। इस मोदी सरकार ने शिक्षा मंत्री की जगह राजीव गांधी सरकार द्वारा गढ़ा गया फूहड़ शब्द 'मानव संसाधन मंत्री' बदल दिया, यह तो अच्छा किया लेकिन क्या हमारे शिक्षा मंत्रियों और अफसरों को पता है कि विश्व-गुरु होने का अर्थ क्या है? यदि उन्हें पता होता तो आजादी के 74 साल बाद भी हम विश्व गुरु नहीं, विश्व चेले क्यों बने रहते ? अंग्रेजी राज ने हमारी नस-नस में गुलामी और नकल का खून दौड़ा रखा है। हमारे बड़े से बड़े नेता हीनता ग्रंथि से ग्रस्त रहते हैं। हमारे वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ पश्चिम की नकल में व्यस्त रहते हैं। हमारी लगभग सारी शिक्षा संस्थाएं अमेरिकी और ब्रिटिश स्कूलों और विश्वविद्यालयों की नकल करती रहती हैं। अपने आप को बहुत योग्य और महत्वाकांक्षी समझनेवाले लोग विदेशों में पढ़ने और पढ़ाने के लिए बेताब रहते हैं। इन देशों के छात्र और अध्यापक क्या कभी भारत आने की बात भी उसी तरह सोचते हैं, जैसे सदियों पहले चीन से फाहयान और ह्वेनसांग आए थे? भारत के गुरुकुलों की ख्याति चीन और जापान जैसे देशों तक तो थी ही, मिस्र, इटली और यूनान तक भी थी। प्लेटो और अरस्तू के विचारों पर भारत की गहरी छाप थी। प्लेटो के 'रिपब्लिक' में हमारी कर्मणा वर्ण-व्यवस्था का प्रतिपादन पढ़कर मैं आश्चर्यचकित हो जाया करता था। मेकियावेली का 'प्रिंस' तो ऐसा लगता था, जैसे वह कौटिल्य के अर्थशास्त्र का हिस्सा है। इमेनुअल कांट और हीगल के विचार बहुत गहरे थे लेकिन मैं उन्हें दार्शनिक नहीं, विचारक मानता हूं। कपिल, कणाद और गौतम आदि द्वारा रचित हमारे छह दर्शनग्रंथों के मुकाबले पश्चिमी विद्वानों के ये ग्रंथ दार्शनिक नहीं, वैचारिक ग्रंथ प्रतीत होते हैं। जहां तक विज्ञान और तकनीक का सवाल है, पश्चिमी डॉक्टर अभी 100 वर्ष पहले तक मरीज़ों को बेहोश करना नहीं जानते थे, जबकि हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथों में ढाई हजार साल पहले यह विधि वर्णित थी। अब से 400 साल पहले तक भारत विश्व का सबसे बड़ा व्यापारी देश था।

# अहं रूपी सीप में मोक्ष का मोती कभी पैदा नहीं होता: विन्रम सागर



अम्बाह। चातुर्मास के अंतिम माह में जैन बगीची में आयोजित धर्म सभा जैन आचार्य विन्रम सागर महाराज ने फरमाया कि मानव महल बन रहा है, आज महल का मेन गेट बनाएंगे। बिना गेट के महल किसी काम का नहीं। आज गेट पर खूब सुंदर डिजाइन बनाए जाते है। कोठी व महल की सुंदरता में गेट का अहम रोल होता है। इसी तरह मानव महल में भी विनय रूपी अंति सुंदर गेट लगाना चाहिए। विनय का अहम रोल होता है। विनय गुणों की जननी है। विनय के कारण ही गुरू एवं प्रभु की प्राप्ति होती है। अकड़ कर चलने वाले का अकसर सर फूट जाता है। ट्रेन भी जब स्टेशन पर आती है तो जब सिग्नल डाउन हो जाता है। अहं रूपी सीप में मोक्ष का मोती कभी भी पैदा नहीं होता। हर समस्या का गारंटीशुदा उपचार विनय है। जैन संत ने कहा कि विनय के अभाव में ही आज घरों में तनाव पैदा हो रहा है। नम्रता से जीवन का मूल्य बढ़ता है पर अहंकर्ता ज्यादा है। अहंकारी का मूल्य नहीं बनता, क्योंकि वह दूसरों को गिराना चाहता है व नम्रता इंसान को उठाती है। अहंकारी हमेशा हारता है जैसे रावण बाहुबली। पर विनम्र मानव हमेशा जीतता हैं जैसे राम। अगर एक मन को झुका लिया तो दुनिया स्वतः ही झुक जाएगा। जहां नम्रता होती है वही पात्रता होती है। धर्म का मूल विनय है। आज विनय भाव का अकाल सा पड़ता जा रहा है। हजारों सालों से भगवान का समाज विनय से चल रहा है। याद रखना अहं हमेशा बाहर से आता है व विनय सदा अंदर से आती है। अभिमानी के लिए ज्ञान भी डूबोने का कारण बन जाता है।

उन्होंने कहा कि विनय चार तरह से प्रकट होती है। कभी भी भूल को छिपाएं नहीं, उसे स्वीकार करो। अगर कोई हमें हमारी गलती बताए, बुरा न माने व उसे उलाहना न दे, अपनी विशेषता व योग्यता को गुप्त रखे, दूसरों की प्रशंसा सुनकर कभी भी ईर्ष्या न जगाएं। इन चारों प्रयोग से अहं टूटेगा। जैसे एक पत्थर को तोडने़ के बाद उसे तराशते-तराशते भगवान का रूप धारण कर लेता है। ऐसे अहंकार टूटते ही वो इंसान भी भगवान का रूप धारण कर लेता है। जैन संत ने रामायण की व्याख्या करते हुए कहा कि रावण बड़ा अहंकारी के साथ असंस्कारी भी था। जिसे जन्म से संस्कार नहीं मिलते वो बच्चे बिगड़ते चलते जाते है। संस्कारदाता मां, बाप तो किसी खुशनसीब औलाद को मिलते है। वे पुत्र बड़े खुशनसीब होते है जिन्हें बचपन से मां, बाप ने उनकी अंगुली पकडकर सिर्फ चलना ही नहीं सिखाया बल्कि मंदिर ले जाना भी सिखाया। अपने बच्चों को सिर्फ कंधों ओर गोद में मत बिठाइये, बल्कि उन्हें संस्कार पाठशाला में दाखिल कराइये।

# सुब्बाराव के अस्थि कलश पर नागरिको ने की पुष्पांजलि अर्पित



कैलारस। गांधी वादी विचारक, शांति दूत स्व. एस एन सुब्बाराव की अस्थि कलश यात्रा शनिवार को गांधी आश्रम जौरा से रामेश्वर त्रिवेणी घाट के लिए रवाना हुई। अस्थि कलश यात्रा जब कैलारस पुरानी सब्जी मंडी तिराहे पर पहुंची तो कैलारस के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी व राजनीतिक दलों के लोगो ने कलश यात्रा पर पुष्प अर्पित कर स्व एस एन सुब्बाराव को श्रदांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गांधी आश्रम जौरा के जयसिंह जादोन भाई ने सुब्बाराव के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी को संकल्प दिलाया कि हम उनके बताए मार्ग पर चलेंगे ओर उनके सपनों को पूरा करेंगे। इस अवसर पर राजकुमार सिंघल, राजेन्द्र शुक्ला, लक्ष्मीनारायण दुबे, ब्रजमोहन मरैया, मोहन रसोईया, राजाराम बंसल, रामपाल सिंह सिकरवार, ब्रजेश करसोरिया, महेश प्रजापति, साबिर पठान, महेश श्रीवास्तव, महेश महोरिया, मतादीन उपाध्याय, डॉ धनीराम कुशवाह, महेश शुक्ला, प्रवीण शर्मा, डॉ शम्मा कुरेशी, माताप्रसाद शर्मा, नरहरि शर्मा, भगवती उपाध्याय, केदार सोलंकी, अजय महोरिया, सौरभ बंसल, रामकुमार श्रीवास आदि ने अस्थि कलश पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## कोविड के चलते इस बार नहीं लगेगा लीला मेला: निगमायुक्त



मुरैना। कोरोना महामारी की पूर्व गाइडलाइन के चलते इस बार भी दीपावली पर मुरैना गांव स्थित दाऊजी मंदिर पर लगने वाला लीला मेला नहीं लगेगा। उक्त जानकारी नगर निगम आयुक्त संजीव जैन ने दी है। कलेक्टर बी कार्थिकेयन द्वारा जारी निर्देशों के तहत निगम कमिश्नर संजीव जैन ने बताया कि कोरोना महामारी अभी समाप्त नहीं हुई है, इसलिए लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए मुरैना गांव स्थित दाऊजी मंदिर पर लीला मेले का आयोजन स्थगित किया जाता है। इसके साथ ही कोई भी बड़ा राजनीतिक, सामाजिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, चल समारोह आदि जिनमें जनसमूह एकत्रित होता है, उन पर भी प्रतिबंध रहेगा।

# पीजी कॉलेज में लगा विधिक साक्षरता शिविर




अम्बाह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सुबोध कुमार जैन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सचिव/जिला न्यायाधीश शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन मे मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार पी जी कालेज अम्बाह में द्वितीय जिला न्यायाधीश/द्वितीय जिला न्यायाधीश अम्बाह सुरेन्द्र कुमार द्वारा विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पेनल अधिवक्ता शक्ति सिंह तोमर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कमल भारद्वाज, अन्य स्टाफ एवं पी. जी. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राये उपस्थित रहे। इस अवसर पर द्वितीय जिला न्यायाधीश अम्बाह सुरेन्द्र कुमार द्वारा उक्त महाविद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र- छात्राओं को नालसा द्वारा संचालित बच्चों कों मेत्रिपूर्ण विधिक सेवाए व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा, शिक्षा का अधिकार एवं नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी प्रदाय की गयी।

## ब्राइट कैरियर एकेडमी में लगा मिट्टी दीया मेला, विद्यार्थियों ने खरीदे दीप



अम्बाह। ब्राइट कैरियर एकेडमी में स्वदेशी दीपावली कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी दिया मेला लगाया गया, जिसमें एकेडमी के विद्यार्थियों ने 8660 दीया खरीदे। मेले का शुभारंभ एकेडमी के संचालक डॉ सुधीर आचार्य और प्राचार्य डॉ प्रगति शर्मा ने मेले में दीया लेकर आए कुंभकारों का माल्यार्पण शॉल श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित कर किया। इस अवसर पर एकेडमी के विद्यार्थियों ने कुंभकारों के साथ आए उनके बच्चों को भी उपहार दिए और स्वल्पाहार कराया। स्कूल स्तर पर पहली बार इस तरह के अभिनव मेले में बच्चों में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। क्लास आठ की छात्रा शिवानी ने कुंभकारों से मिलकर कहा कि वह पहली बार इस तरह का कार्यक्रम देख रही है, जिसे लेकर वह बहुत उत्साहित व खुश है। इस कार्यक्रम से बहुत मेहनत करने वाले परिवारों और उनके बच्चों से मिल पा रहे हैं। आयोजन के दौरान डॉ प्रगति शर्मा ने बताया कि अपनी मिट्टी, अपनी संस्कृति से जोड़ने, जाति-पाति, भेदभाव को दूर करने और आपसी सहयोग, सौहार्द बढ़ाने में मेले मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम में संगीता तोमर, राहुल गुप्ता, आरती जैन, अरविंद मावई, विश्वनाथ गुर्जर, राजेश तोमर, भूपेंद्र

# टीम ने उर्वरक की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



मुरैना। खाद की कालाबाजारी जमाखोरी को रोकने के मकसद से कलेक्टर बी.कार्तिकेयन द्वारा गठित टीम ने शुक्रवार को टीम के सदस्यों ने मुरैना विकासखण्ड की उर्वरकों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनकी पीओएस मशीन एवं भौतिक स्टॉक का मिलान किया। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों में कमियां पायी गई, उनको नोटिस जारी कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। कोई भी दुकानदार उर्वरकों को अधिक दाम पर उर्वरक विक्रय न कर सकें, दुकानों पर जो कृषक मिले, उनको डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी गई।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को एक वर्ष सश्रम कारावास की सजा

मुरैना। अवैध कट्टा व कारतूस रखने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अंबाह, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी सुदामा उर्फ रविन्द्र पुत्र रामसहाय सखवार, उम्र – 27 वर्ष, निवासी भोलाराम का पुरा, थाना सिंहोनियां जिला मुरैना को धारा 25(1–बी)ए आयुध अधिनियम में दोषी पाते हुये 01 वर्ष का सश्रम कारावास व 1000/– रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## जिले के सभी पुराने तालावों एवं बावड़ियां होंगी पुर्नजीवित

मुरैना। जिले की सभी (वाटर बॉडी) पुराने तालाबों, कुऐं और बावड़ियां जो खत्म हो गये है, उन्हें पुर्नजीवित करने के लिये जल शक्ति अभियान की शुरूआत केन्द्र सरकार द्वारा की गई है। जिला पंचायत द्वारा इस अभियान की शुरूआत कर दी गई है। शुक्रवार को जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक को संबोधित करते हुये जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह ने बताया कि जिले के जितने भी पुराने तालाब है, जिन पर अतिक्रमण करके चौक कर दिये है, इन सभी तालाबों को पुर्नजीवित कर इनमें सिंगाड़े की खेती, मछली पालन एवं सिंचाई की व्यवस्था की जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि अभी तक 29 ऐसे तालाव चिन्हित किये गये है, इनमें 3 तालाव स्टेट समय के है।

# भाजपा नेता ने कोचिंग नियम पालन कराने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

### प्रशासन द्वारा कोचिंग संचालकों के साथ हुई बैठक के बाद भी 25 दिन में नहीं हुआ निर्धारित नियमों का पालन

अम्बाह। 25 दिन पूर्व थाना परिसर में एसडीओपी अशोक सिंह, नायब तहसीलदार मनीष दुबे एवं टीआई रविन्द्र सिंह के द्वारा कोचिंग संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में छात्र छात्राओं के हित में कोचिंग संचालकों के लिये नियमावली बनवा कर उसका पालन करने को कहा गया था, किंतु अब तक इस तरफ न तो कोचिंग संचालको ने ध्यान दिया है और ना ही पुलिस एवं प्रशासन ने जिससे छात्र छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद योगेंद्र चौहान ने अनुविभागीय अधिकारी राजीव समाधिया को स्मरण पत्र दिया है, जिसमें कहा गया है कि कोचिंग संचालकों के साथ प्रशासन की बैठक में 25 दिन पूर्व जो निर्णय लिए गए थे। उनका पालन सख्ती से कराया जाये, साथ ही नियम विरुद्ध कोचिंग चला रहे संचालकों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाए। श्री चौहान ने कहा है कि शहर में कोचिंग का संचालन अब उन्ही शिक्षकों से कराया जाए जो निर्धारित मापदंडों का पालन कर सके, साथ ही छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली हर सुविधा पर प्रशासन व्दारा भी नजर रखी जाए। श्री चौहान ने मांग की है कि सुरक्षा के लिहाज से कोचिंग सेंटरों पर प्रतिदिन पुलिस की गश्त कराई जाए, साथ ही कोचिंग संचालक भी निजी तौर पर सुरक्षा के इंतजाम करें। इसके साथ ही सेंटरों की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी रखी जाए एवं सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की जाए। श्री चौहान ने मांग की है कि अध्ययन के लिए आने वाले हर छात्र-छात्राओं के लिए पहचान-पत्र जारी किया जाए, छात्र-छात्राओं के पालकों के नाम व मोबाइल नंबर की जानकारी कोचिंग पर एक रजिस्टर में अंकित रखी जावे। इसके अलावा पढने आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग टॉयलेट की व्यवस्था भी अनिवार्य रूप से कराई जाए। सुरक्षा के लिए लिहाज से कोचिंग सेंटर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाये जावें, जिससे जरूरत पडने पर फुटेज के जरिए सच्चाई सामने आ सके। इसके अलावा छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए एक वेटिंग रूम प्रत्येक सेंटर पर बनाया जाए, जिससे जल्दी कोचिंग पहुंचने वाले छात्र-छात्रा बाहर खडे न होकर वेटिंग रूम में बैठ सकें।

## 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को प्रेरित कर वैक्सीन लगवारेंः सिविल सर्जन

मुरैना। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मुरैना डॉ. विनोद गुप्ता ने कहा है कि कोविड-19 टीकाकरण के लिये 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को प्रेरित कर वैक्सीन लगवायें, कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी का बचाव हो सके। डिप्टी मीडिया ऑफीसर द्वारा शहरी क्षेत्र सुभाष नगर, तुस्सीपुरा और आंगनवाड़ी केन्द्र आनन्दनगर में भ्रमण कर 18 वर्ष से ऊपर के लोगों को जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी है, उन्हें घर-घर जाकर प्रेरित किया जा रहा है। डिप्टी मीडिया ऑफीसर द्वारा मास्क पहनाना, हाथों को धोते रहना, भीड़-भाड वाली जगहों पर न जाना एवं दूरी बनाये रखना आदि के बारे में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# जिला पंचायत के सीईओ श्री सिंह ने आंचलिक कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों की जानकारी ली



मुरैना। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को आंचलिक कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण करते हुये वहां चल रही प्रसार गतिविधियों एवं परियोजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र में स्थापित प्रदर्शन इकाईयों द्वारा किसानों को अधिक से अधिक जानकारी देने के बारे में चर्चा की। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही मनरेगा एवं स्व-सहायता समूहों को अधिक शक्तिशाली बनाने में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्र में एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत शहद उत्पादन को बढ़ाने के लिये भी प्रोजेक्ट बनाने की सलाह दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कृषि विज्ञान केन्द्र में चल रही शहद प्रसंस्करण इकाई, केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, पौध उत्पादन इकाई एवं एग्रो टेक्नोलॉजी पार्क का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान के द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की एवं सभी वैज्ञानिकों को बधाई दी। भ्रमण के दौरान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. राजपाल सिंह तोमर ने केन्द्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

# स्वदेशी अपनाकर ही राष्ट्र को स्वावलंबी बनाया जा सकता : केशव दुबौलिया



सबलगढ। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वदेशी जागरण अभियान के तहत बुधवार को नगर के राम मंदिर में सभी कार्यकर्ता एकतित्र हुए। इस दौरान सैकडो स्वयंसेवक भाजपा कार्यकर्ता छात्रों ने कस्बे में मुख्य मार्गो राम मंदिर से सभी संतरो में होते हुए अदालत रोड से देवी मंदिर तक रैलियां निकाली। इस दौरान हाथों में स्वदेशी सामान अपनाने, चीन व विदेशी सामान का विशेष रूप से बहिष्कार करने जैसे शब्द लिखी तख्तियां बैनर लिए सैकडों लोग रैली में शामिल रहे। इस दौरान जन जागरूकता यात्रा निकालकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील की गई। स्वदेशी जागरण मंच प्रांत संगठन मंत्री केशव दुबौलिया ने बौद्धिक संदेश देते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही राष्ट्र को स्वावलंबी बनाया जा सकता है। भारत का युवा प्राचीन इतिहास महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर अपने चरित्र द्वारा राष्ट्र निर्माण करें विशेष रूप से विदेशी देशों द्वारा निर्मित सामानों का पूर्ण बहिष्कार करें। चीन जैसे दुश्मन देश को भारत का हर नागरिक आसानी से सबक सिखा सकता है। हमें घरेलू कंपनियों से भेदभाव और विदेशी इकाइयों को आकर्षित करने की नीति को छोड़ना होगा। अंत में जनसमुदाय को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। इस दौरान प्रांत संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच केशव दुबौलिया, वरिष्ठ लेखक रामकिशोर उपाध्याय, जिला यात्रा प्रभारी संजू पचौरी, सबलगढ यात्रा प्रभारी भैया जादौन, संयोजक आचार्य योगेश मरैया झुण्डपुरा एवं सैकडो स्वयंसेवक, छात्र, व्यापारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## वन-टू-वन

### गोदन थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**दतिया।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल सिंह मौर्य एवं भांडेर एसडीओपी कार्डिक श्रीवास्तव भांडेर हैएसडीओपी श्री कार्डिक श्रीवास्तव भांडेर है के मागदर्शन में गोदन थाना पुलिस ने 2008 से फरार स्थाई वारंटी अभिषेक पुत्र राम प्रकाश शर्मा निवासी ग्राम भिटारी को मुखबिर की सूचना पर ग्वालियर से गिरफ्तार किया। न्यायलय पेश किया।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सोबरन सिंह तोमर, एएसआई सरनाम सिंह गौड़,आरक्षक संदीप सिंह, आरक्षक मुकेश सिंह, सैनिक भगवान सिंह की सराहनीय भूमिका रही।




### राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी पीतांबरा पीठ पर पूजा अर्चना करने के बाद दतिया जिले के सभी पदाधिकारियों से 1 टू 1 मुलाकात कर सब की



विवेक सेन
पुष्पांजली टुडे

**दतिया ।** समस्याएं सुनी, प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र सिंह राठौड के नेतृत्व प्रियंका गांधी जी का भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर सेवडा विधायक घनश्याम सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक दांगी, नाहर सिंह यादव,देवाशीष जरखरिया,गुरुदव शरण गुप्त पंजाब सिंह यादव, प्रदीप गुर्जर,प्रान्जुल सिंह%सोनू चौहान%, नारायण सिंह बाबूजी,मोहर सिह कौरव, रामकिंकर गुर्जर अजय शुक्ला, भानु ठाकुर विष्णु प्रताप सिंह गुर्जर अभिषेक तिवारी राधा बल्लभ सरवरिया अन्ने शर्मा सेवड़ा अशोक शर्मा देभई जितेंद्र पठारी रामू गुर्जर,रज्जन खान, दीपेंद्र पुरोहित अशोक श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी सौरभ राजपूत,गुड्डन यादव परासरी ,अनूप पाठक नरेंद्र गुर्जर, आशीष तिवारी , स्वामी शरण कुशवाहा, शिवांश सविता,,सुरेश झा सलीम कामरेड ,पातीराम पाल , मीनू जैदी, आशीष तिवारी, ,नीरज शर्मा ,विक्रम दागी तैडोत ,पुष्पेंद्र दागी, सुभाष दागी अंकित पटेल,अमन ठाकुर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### अम्बाह पीजी कॉलेज में न्यायधीश सुरेन्द्र कुमार द्वारा बिधिक साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन...




केशब प्रसाद शर्मा
पुष्पांजली टुडे

**अम्बाह...** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष /प्रधान जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्री सुबोध कुमार जैन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना सचिव/जिला न्यायाधीश श्री शरातचंद्र सक्सेना के निर्देश के पालन मे दिनांक 02/10/2021 से दिनांक 14/11/2021 तक आयोजित होने वाले मेला कार्यक्रम के सम्बन्ध में अध्यक्ष/द्वितीय जिला न्यायाधीश तहसील विधिक सेवा समिति अम्बाह सुरेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार आज दिनांक 30/10/2021 को पी. जी. महाविद्यालय अम्बाह में द्वितीय जिला न्यायाधीश/द्वितीय जिला न्यायाधीश अम्बाह सुरेन्द्र कुमार द्वारा विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पेनल अधिवक्ता शक्ति सिंह तोमर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. कमल भारद्वाज, अन्य स्टाफ एवं पी. जी. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राये उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में द्वितीय जिला न्यायाधीश अम्बाह सुरेन्द्र कुमार द्वारा उक्त महाविद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र - छात्राओं को नालसा द्वारा संचालित बच्चों कों मेत्रिपूर्ण विधिक सेवाए व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा, शिक्षा का अधिकार एवं नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी प्रदाय की गयी।

### 51 वर्ष के बाद पहली बार आई माताजी धर्म रथ व दीवान माधोसिंह का बधावा व भव्य स्वागत किया



पुष्पाजंली टुडे/

**बिलाड़ा।** आज गांव बिलाड़ा उचियाडा बेरा शेरजी का अरट बिलाड़ा धर्मगुरु दीवान साहब वह आई माता जी का धर्म रथ बैल का भव्य बधावा व स्वागत किया गया । शेरजी का अरट के सभी मेंबर ने मिलकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन रखा 51 वर्ष के बाद पहली बार श्री आई माता जी का धर्म रथ बैल का बधावा किया । वह धर्मगुरु दीवान साहब ने आरती गाकर सभी शेरजी का अरट वह आजू-बाजू बिलाड़ा उचियाडा के पंच गण श्रद्धालु को दीवान साहब ने बताया की धर्म की जड़ हमेशा हरी भरी रहती है। धर्म के मार्ग चलने का बताया ।समाजजनों को उन्होंने कहा की प्रतिदिन श्रीआई माताजी की आरती की घर या मंदीर में परिहार सहित आरती व पूजन करे।

# पाकिस्तान का बंटवारा करने वाली मात्र नेता श्रीमती इंदिरा गांधी थी: चौ राकेश सिंह



*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड।** शहर कांग्रेस भिंड के द्वारा बांग्लादेश मुक्ति युद्ध 1971 की 50 वीं वर्षगांठ पर शहीद सैनिकों की वीर नारियो का सम्मान किया गया साथी युद्ध में भाग लेने वाले तीन पूर्व सैनिकों का भी सम्मान किया गया जिन वीर नारियों का का सम्मान किया गया उनके नाम है कैलाशी देवी पत्नी सिपाही जगदीश शांति देवी पत्नी सिपाही जनवेद सिंह मिथिलेश कुमारी पत्नी शहीद रणवीर सिंह मिथिलेश कुमारी पत्नी शहीद जंग बहादुर लीला कुमारी पत्नी शहीद सिपाही राम लखन बिट्टी देवी शहीद सिपाही मुलायम सिंह श्रीमती कमला देवी पत्नी शहीद सिपाही अशफाक खान राजेश्वरी देवी पत्नी शहीद सिपाही उदय सिंह,श्रीमती शांति देवी पत्नी शहीद सिपाही हाकिम सिंह शिवरानी पत्नी शहीद सिपाही भीकम सिंह और युद्ध में शामिल सैनिकों का भी सम्मान किया गया कर्नल भारत सिंह यादव कैप्टन जगमोहन पांडे कन्हैया लाल पांडे केदार सिंह तोमर आदि।उक्त कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह ने कहा की भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान का बंटवारा करवा दिया था उस वक्त 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था और एक नया राष्ट्र बंगलादेश बनवा दिया था इस प्रकार भारत ने एक नया इतिहास रच दिया था 1971 की भारत-पाकिस्तान जंग में शहादत देने वाले भारतीय सेना के शहीदों को समस्त भारत नतमस्तक होकर सलाम करता है भारत माता के पावन तन को छूने के लिए पाकिस्तानी सेना के दुःसाहस और षड्यंत्र से भरे इरादों को कुचलने के लिए श्रीमती इंदिरा गांधी ने मां दुर्गा का रूप धारण कर अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत की निर्भीक छवि बनाई इस अवसर पर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉक्टर राधेश्याम शर्मा ने कहा की भारत पाकिस्तान बांग्लादेश मुक्ति युद्ध सन 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना के नापाक मंसूबों पर पानी फेर कर ऐतिहासिक जीत हासिल की इस दिन को भारत में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को चारों ओर से घेर लिया और विवश होकर पाकिस्तानी सेना के कमांडर जनरल एके नियाजी ने पाकिस्तानी सैनिकों के साथ साजो सामान सहित ढाका के रेसकोर्स मैदान पर भारतीय सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष अपनी हार स्वीकार कर ली और अपनी व्यक्तिगत सर्विस रिवाल्वर और मेडल सौप कर उसने युद्धविराम की घोषणा कर आत्मसमर्पण किया था पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने 84 लाख शरणार्थियों के साथ साथ पाकिस्तानी फौज के साथ ही मानवता के नाते सदव्यवहार किया था हम सभी देशवासी अपनी बहादुर सेना के वीर सपूत और जांबाज रणबांकुरे एवं शहीदों को कोटि कोटि नमन करते हैं इनके त्याग एवं बलिदान को आने वाली पीढ़ियां सदा याद करती रहेंगी

कार्यक्रम को कर्नल भारत सिंह यादव पूर्व विधायक सोपत जाटव राम किशोर भारद्वाज खिजर मोहम्मद कुरेशी धर्मेंद्र सिंह भदोरिया पिंकी संदीप मिश्रा आदि ने संबोधित किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रईस खान ,संतोष त्रिपाठी ,रेखा भदौरिया हिमांशु शर्मा ,दर्शन सिंह तोमर ,अजय जैन अनीस कुरैशी प्रमोद दीक्षित बॉबी शर्मा रीना चौहान स्नेह लता जैन, पिंकी जाटव कामिल खान, सतपाल अगरैया रामजीलाल शाक्य, विक्रम उपाध्याय, संजय यादव सूरज पाल सिंह राजावत, सुनीता दोहरे ,कुलदीप भारद्वाज,मोहर सिंह जाटव आदित्य पुरोहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# दो पाटों के बीच फंसी है कनेरा योजना : बौहरे



*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**अटेर(भिण्ड)।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी समाजवादी नेता बी.के बौहरे द्वारा अटेर क्षेत्र में मां चौमुण्डा देवी मंदिर से शुरू की गई जन संवाद यात्रा के दौरान शनिवार के दिन घिनोंची रैपुरा गांव के ग्रामीण जनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना। तत्पश्चात अटेर मोड़ पर हुई आमसभा में उपस्थित ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अटेर क्षेत्र के स्वर्णिम विकास की महत्वाकांक्षी एवं जीवनदायिनी योजना कनेरा उद्वहन सिंचाई परियोजना कांग्रेस एवं भाजपा रूपी दो पाटों के बीच फंसी होकर अब तक अवरुद्ध है श्रेय लेने की होड़ में दोनों ही पार्टियों द्वारा उक्त योजना को पूरा होने में एक दूसरे के राह में रोड़े अटकाये हैं वरना क्या कारण है कि चंबल नदी के उस पार की पिनहाट योजना एवं अटेर की कनेरा योजना एक साथ मंजूर हुई थी लेकिन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की सक्रियता से पिनाहट योजना चालू होकर वहां के लोगों को खुशहाल बना रही है और अटेर की कनेरा योजना अभी भी नौ-नौ आंसू बहा रही है।

रैपुरा मोड पर सम्पन्न हुई आमसभा के दौरान मुन्नालाल शर्मा रैपुरा बृजेश यादव खिपोना प्रदुम्न शर्मा नरीपुरा गोलू खन्ना प्रेमनगर गिर्राज सिंह गुर्जर घिनोंची शांति स्वरूप शर्मा नरीपुरा हरिमोहन यादव अटेर रामकुमार शर्मा रेपुरा रामदत्त सिंह बलारपुरा राधेश्याम प्रजापति रेपुरा समीर खान जमसारा नरेंद्र दौनेरिया रैपुरा राकेश कुमार जाटव रेपुरा राम नरेश शर्मा रैपुरा दीपू भदोरिया अंगदपुरा रामचंद्र यादव नावली हार सहित तमाम ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# प्रसाशन के द्वारा समस्या का निराकरण न होने पर रछेड पंचायत के लोगो ने किया धरना प्रदर्शन



लक्ष्मीनारायण
पुष्पांजली टुडे

**अम्बाह ।** सरपंच की दबंगई की मार झेल रहे ग्राम पंचायत रछेड की जगराम की घड़ी के लोगो ने आज धरना प्रदर्शन कर प्रसाशन की लापरवाही का विरोध किया ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच से बार बार कहने पर भी उसने हमारे गांव में सी सी रोड का निर्माण कार्य नही किया फिर इसकी शिकायत हमने अधिकारियों से की समाचार भी निकलवाया लेकिन इसका भी कोई असर उस दबंग सरपंच पर नही पड़ा जबकि ग्राम पंचायत रछेड के सचिव का कहना है कि यह रोड डी पी आर में है अब सरपंच के द्वारा डलवाई क्यो नही जा रही हैं इसका जवाब तो वही देंगे मेरे द्वारा तो पहले रेत बजरी डाली गई थी लेकिन सरपंच से क्या मेटर है क्यों नही डलवा रहे है इसका मुझे नही पता लोगो ने तो ये भी आरोप लगाए हैं कि इसमें ब्लॉक के सभी अधिकारी कर्मचारी मिले हुए हैं जो इसको डलवा नही रहे एक और शिवराज सरकार विकास के वादे कर रही हैं।



### ब्रजेन्द्र बघेल बने पिछड़ा वर्ग काँग्रेस युवा के भिण्ड ब्लॉक अध्यक्ष

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

*अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन*

मोबाइल नंबर-9301000956

**भिण्ड /** मध्यप्रदेश कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी एवं प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल तथा पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्दसिंह जी की सहमति तथा जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह की अनुशंसा पर पिछड़ा वर्ग युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित शिवहरे द्वारा पिछड़ा वर्ग ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी भिण्ड युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष ब्रजेन्द बघेल को मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर उन्होंने कहा पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी से निभाऊंगा तथा इसी क्रम में जिला कॉग्रेस कार्यालय पर श्री बघेल को जिला काँग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया ।

# सरपंच राजपुरोहित के कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना की गई



नेनाराम सिरवी
पुष्पांजली टुडे

**रानी।** रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चाचोडी सरपंच/पूनम सिंह राजपुरोहित के सरपंच कार्यकाल के दौरान राजस्थान सरकार के आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित किया गया शिविर के दौरान राजपुरोहित सरपंच के कार्यकाल में किए गए कार्यों की संपूर्ण विभागीय अधिकारियों ने सहाना की। प्रशासन गांवों के संग शिविर में रानी उपखंड अधिकारी के अध्यक्षता में शिविर आयोजित किया गया।शिविर के दौरान जिला कलेक्टर आईएएस अंशदीप ने किया शिविर का निरीक्षण जिसमें संपूर्ण विभागीय अधिकारी एवं कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने पाली जिला कलेक्टर आईएएस अंशदीप का राजस्थानी लोक संस्कृति के अनुसार पुष्प हार एवं साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया। रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह एवं रानी तहसीलदार सुनीता चारण रानी पंचायत समिति विकास अधिकारी आवरडदान चारण। अतिरिक्त विकास अधिकारी पंचायत समिति रानी हीरा लाल मीणा। चाचोडी ग्राम पंचायत के विकास अधिकारी तेजपाल सिंहके सानिध्य में प्रशासन गांवों के संग शिविर शांतिपूर्ण ढंग से समापन हुआ और कई लंबित प्रकरण मामलों का शिविर के दौरान जन समस्याओं का समाधान किया गया। सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित के कार्यकाल में सबसे अहम कार्य में मां चामुंडा मंदिर तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य छाया रहा जिसमें प्रधान श्याम कंवर मेड़तिया सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य ग्रामीणों ने सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित सहित रानी उपखंड अधिकारी रवि कांत सिंह । रानी पंचायत समिति विकास अधिकारी आवड दान चारण का आभार जताया गया। प्रशासन गांवों के संग शिविर में सरपंच राजपुरोहित के कार्यकाल में कई लंबित प्रकरण मामलों में जन समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जनता की हर जन समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। प्रशासन गांव के संग शिविर में जिला कलेक्टर आईएएस अंशदीप ने शिविर में विभिन्न व्यवस्थाओं को देखकर ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत की सहाना की। प्रशासन गांवों के संग शिविर में मीणा समाज का एक प्रतिनिधि मंडल ने रानीउपखंड अधिकारी को अपनी जन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रशासन गांवों के संग शिविर आयोजित किया गया शिविर के दौरान सरकार की हर महत्वकांक्षी योजना का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक विभाग के अधिकारी एवं कार्मिकों ने ग्रामीणों को जानकारी दी गई।

# भाजपा सांसद श्रीमती संध्या राय कार्यकर्ताओं और जनता की जनसमस्याओं से हुई रूबरू

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

9826576206

**भिण्ड ।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत अपने निजी निवास भिंड गोहद में पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से रूबरू हुई। जनता ने अपनी-अपनी जन समस्याओं से अवगत कराया जिसमें किसानों ने अपनी खाद की समस्या रखी ।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद श्रीमती संध्या राय ने तत्काल जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मोबाइल पर आवश्यक निर्देशित करते हुए किसानों को तत्काल खाद का वितरण व्यवस्था पूर्ण बनाकर किया जाए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयां ना हो और उन्होंने साथ ही किसानों से कहा कि खाद वितरण में शासन और प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग बनाए रखें, प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं है सब किसानों को खाद मिलेगा। भाजपा सांसद



श्रीमती राय ने अपने निजी निवास चंबल कॉलोनी एवं गोहद में पार्टी कार्यकर्ताओं आम जनता से कहा आपकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा । प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि प्राथमिकता के आधार पर कार्यकर्ताओं जनता की समस्याओं का समय सीमा में निराकरण करें।

निजी निवास स्थान पर सांसद श्रीमती राय को मांग पत्र भी सौंपा जिस पर उन्होंने तत्काल अधिकारियों से 121 चर्चा की । भाजपा सांसद श्रीमती राय ने देवेंद्र सिंह नरवरिया एवं पूर्णिमा भदौरिया के निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की*

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती राय अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मेहगांव मंडी के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया की माताजी स्वर्गीय रामकली देवी एवं महिला मोर्चा की जिला महामंत्री श्रीमती पूर्णिमा,अरविंद सिंह भदौरिया के छोटे भाई बबलू भदौरिया के निवास स्थान एवं गोहद शहर के अनेकों शोकाकुल्त परिवारों के बीच पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार को आत्म शांति की प्रार्थना कर उन्हें ढाढस बनाया इस अवसर पर मेहगांव जनपद के पूर्व अध्यक्ष भूपत सिंह जादौन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा, जिला महामंत्री श्रीमती अनीता चोपड़ा, श्रीमती राजकुमारी कुशवाह, श्रीमती विनीता सोनी गोहद ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष दीपक सिंह राजावत ,नगर अध्यक्ष विवेक जैन, विद्याराम शेजवार, अर्चना शर्मा मनोज थापक,हरगोविंद जाटव प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।


# चांचोड़ी जिला कलेक्टर व सुमेरपुर विधायक ने किया प्रशासन गांवों के संग शिविर का निरीक्षण

### विद्युत सप्लाई लाइन अवैध अतिक्रमण बटवारा शिविर में रहा अहम मुद्दा

**नेनाराम सिरवी**
**पुष्पांजली टुडे**

**पाली।** रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चाचोडी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में प्रशासन गांवों के संग शिविर रानी उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस दौरान पाली जिला कलेक्टर अंशद्वीप ने शिविर का निरिक्षण कर प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से रूबरू होकर शिविर के बारे में बारिकी से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए । वहीं पीएम आवास योजना के अन्तर्गत चार परिवारों को आवास स्वीकृति पत्र व पट्टे का वितरण भी जिला कलेक्टर के हाथों से लोगो हाथो हाथ दिए गए । शिविर में आमजन को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुचाने के साथ आवश्यक कार्यो के निस्तारण करने के बारे में भी सबंधित विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए । शिविर का सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने भी निरिक्षण कर शिविर में शांतिपूर्ण व्यवस्था के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारीयों व कार्मिको द्वारा लोगो के जरूरी कार्यो के निस्तारण करने पर संतोष व्यक्त किया गया । तथा विधायक ने लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का शिविर में अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर आवश्यक कार्यो का निस्तारण करने के बारे में उपस्थित लोगो को जानकारी दी गई।



रानी प्रधान श्याम कंवर मेडतियां द्वारा चांचोड़ी ग्राम में माताजी मंदिर के पास वर्षो पुरानी ग्रामीणों की सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू करवाने पर सरपंच पुनमसिंह राजपुरोहित द्वारा बहुमान किया गया । सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने अपने सरपंच कार्यकाल के दौरान सैकड़ों वर्षो का सपना साकार करते हुए अपने कार्यकाल के दौरान सबसे महत्वपूर्ण एक कदम विकास की ओर आगे बढ़ते हुए कार्य किया गया जिसमें मां चामुंडा के मंदिर तक पहुंचने के लिए सी सी निर्माण कार्य करवाया गया। इस कार्य के दौरान सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित सहित ग्राम विकास अधिकारी तेजपाल सिंह पंचायत जनप्रतिनिधि पंचायत कार्मिकों का ग्राम वासियों ने शिविर में आभार जताया। सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित ने अपने कार्यकाल में विकास मां चामुंडा मंदिर तक सीसी सड़क के लिए रानी प्रधान के साथ-साथ रानी उपखंड अधिकारी रवि कांत सिंह को पूरा श्रेय दिया । शिविर में रानी उपप्रधान शिलासिंह,कृर्षि मंडी रानी के पूर्व अध्यक्ष गिरधारी सिंह मेडतिया,जिला परिषद सदस्य दुर्गा सिरवी,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधी दुर्जनसिंह राणावत खरोकडा, सहित जनप्रतिनिधि अधिकारियों का सरपंच पुनमसिंह राजपुरोहित के सानिध्य में बहु मन किया गया। प्रशासन गांवों के संग शिविर में मीणा समाज का सामूहिक ज्ञापन सबसे अहम मुद्दों में छाया रहा। सैकड़ों मीणा समाज के युवाओं के साथ बुजुर्गो ने गौतम ऋषि के जयकारों के साथ रानी उपखंड अधिकारी रवि कांत सिंह को ज्ञापन दिया। राजपुरोहित समाज का एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन गांवों के संग शिविर में विद्युत सप्लाई की मुख्य लाइन के तार हटाने को लेकर रानी उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जिस में प्रशासन गांवों के संग शिविर के दौरान दूसरा सबसे बड़ा मुद्दा छाया रहा।विद्युत विभाग की मनमानी से रहवासी बस्ती में हाई वोल्टेज के विरुद्ध सप्लाई लाइन के पोल खड़े किए गए जिसमें प्रतिदिन भारी जनहानि का खतरा सता रहा है इसे देखकर जाली बास का एक प्रतिनिधिमंडल ने रानी उपखंड अधिकारी को विद्युत सप्लाई की लाइन हटाने को लेकर ज्ञापन दिया। जमीन बंटवारे के संबंध में प्रशासन गांवों के संग शिविर में अलग-अलग लोगो द्वारा उपखंड अधिकारी के समक्ष न्याय की गुहार लगाते हुए मांग की गई। चाचोडी में प्रशासन गांवों के संग शिविर के दौरान तीन मुद्दों परप्रशासन गांवों के संग शिविर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न रानी उपखंड अधिकारी रवि कांत सिंह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तीनों मुद्दों पर जांच करने के लिए आदेश। प्रशासन गांवों के संग शिविर में ,चाचोडी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी तेजपाल सिंह ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया पंचायत कार्मिक भंवर लाल खीमा राम देवासी। चिकित्साधिकारी धनराज मीणा,अति.विकास अधिकारी हीरालाल मीणा, चाचोडी ग्राम विकास अधिकारी तेजपाल सिंह चाचोडी ग्राम पंचायत ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया। सेवानिवृत्त विकास अधिकारी घीसु राम बामणिया। पीईईओ मांगीलाल सोनल। अध्यापक नाथूराम सिरवी। अध्यापक आसाराम मीणा। पटवारी ओम प्रकाश गुर्जर।सेवानिवृत्त ग्राम सहकारी सोसायटी व्यवस्थापक चतर सिंह शक्तावत। राशन डीलर वक्ता राम मेघवाल । अमृत सिंह राजपुरोहित कालू सिंह राजपुरोहित किरण सिंह राजपुरोहित श्रवण सिंह राजपुरोहित। ने सराहनीय सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में राजस्व के बंटवारे 30,शुद्धीकरण 62,आबादी विस्तार 1,खाते 1,पट्टे 51,जॉबकार्ड 9,पीपीओ 43,रोडवेज के 28 कार्ड,जन्म 2,मृत्यु 2,विवाह 1,चिरंजीवी 3,आवास 4 किए गए । वहीं गायत्री देवी हिरागर परिवार के तीनों बच्चो का पालनहार योजना के तहत लाभ दिराते हुए चयनित किया गया ।

## वन-टू-वन

### अभिनेता पावर स्टार पुनित राजकुमार को महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने श्रद्धांजलि दी



**षुष्पाजंली टुडे**

**मैसूर**–मड्या बन्नूर गांव के दौडु अंगडी मौहल्ला शनिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।समाजसेवी डॉ.महेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि कन्नड़ फिल्म जगत में पुनित राजकुमार के योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। उनके निधन पर हम सबको बहुत दुख हुआ है।भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें ।इस अवसर पर बन्नूर गांव नारायण गौडा, रंग स्वामी, श्रीनिवास, पापेगौडा, किशने गौडा, राजेंद्रा प्रभु, विजेंद्र प्रभु,नागराज, के काल्लापा, राजेंद्र सिंह राजपुरोहित, दिलीप कुमार पारीक ,अशोक भाटी,रमेश सीरवी मौजूद थे ।रोटरी क्लब बन्नूर की और से भी पुनित राजकुमार को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गई ।

### कांग्रेस प्रत्याशी और रिश्तेदारों ने की कार्यकर्ताओं से मारपीट, भाजपा ने की आयोग से शिकायत

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी ने पृथ्वीपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार नितेंद्रसिंह, उनके भतीजे विभु राठौर तथा चाचा यशपालसिंह द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं से मारपीट तथा धमकी देने की शिकायत निर्वाचन आयोग से की है। पार्टी द्वारा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश दिए जाने की मांग भी आयोग से की है। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल उपचुनाव प्रबंध समिति के प्रदेश संयोजक भूपेंद्रसिंह के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचा और लिखित शिकायत प्रस्तुत की। भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्वाचन आयोग से की गई शिकायत में कहा है कि मतदान के दिन शनिवार को पृथ्वीपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी नितेंद्रसिंह, उनके भतीजे विभु राठौर और चाचा यशपालसिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मारपीट कर आतंकित करने का प्रयास किया। भतीजा विभु राठौर, यशपालसिंह और मनीष खटीक खुलेआम रिवाल्वर तथा अन्य हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहे हैं।

## स्वभिमान और परमार्थ के प्रेरक स्व ठा.मुन्ना सिंह तोमर जी को गरीवों, वंचितों की और से वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने अश्रुपूर्ण श्रधांजलि अर्पित की





**पुष्पांजली टुडे**

**सेव?ा ।** संकुआ धाम पर प्रसाद वितरण कर श्यामू ठाकुर ने वहीं एक हवन पूजन कर बाबू जी को याद किया।। कार्यक्रम में श्यामू ठाकुर ने कहा- ÷दशकों तक ग्वालियर में जहाँ भय और आतंक व्याप्त था, लोग अपराधियो के आतंक से त्रस्त थे, तभी लोगों के एक मसीहा वरदान स्वरूप ठिकाना पुरावस दिमनी में ?मीदार क्षत्रिय परिवार में जन्म स्व मुन्ना सिंह तोमर का हुआ, वे जब ग्वालियर आये तब चारों तर? गुंडो और अपराधियों ने अराजकता ,भय फैला रखा था। यह अन्याय अत्याचार एक स्वभिमानी क्षत्रिय को बर्दाश्त नही हुआ और अन्यायियों, अत्याचारियों के विरुद्ध झंडा बुलंद किया। आम जनमानस से लेकर सभी के लिये न्याय का केन्द्र तोमर बिल्डिंग बन चुकी थी जहाँ से कोई खाली हाथ नहीं जाता था। मुन्ना सिंह तोमर न्याय का प्रतीक बन चुके थे। निःस्वार्थ सेवा को अपना जीवन समर्पित करने बाले मुन्ना सिंह जी के विरुद्ध षणयंत्र रचे जाने लगे, दोस्तों सामना करने की किसी की हिम्मत नहीं थी परन्तु वीर, बहादुर मुन्ना सिंह तोमर को छल से हमसे छीन लिया÷ लेकिन हम उनके दिखाये रास्ते पर चलते रहेंगे और यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस मौके पर उपस्थित जन राहुल चौरसिया हरि शरण महाराज निर्वेद सविता कल्याण दास बाबा राम लखन बाथम गोलू बाथम अन्नू सैन विपिन बाथम आदि जन उपस्थित रहे

## दीपावली पर हो सकता है ब्लैक आउट!

### प्रदेश के 70 हजार बिजली कर्मचारी 1 नवम्बर से हड़ताल पर

### बिजली कर्मचारी डीए और वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं

**भोपाल)।** मध्यप्रदेश में दिवाली पर ब्लैक आउट हो सकता है। प्रदेश के 70 हजार बिजली कर्मचारी एक नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं। बिजली कर्मचारी संगठन ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है। बिजली कर्मचारी डीए और वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। प्रदेश में बिजली विभाग में 29 हजार नियमित कर्मचारी, 6 हजार संविदा कर्मचारी और 35 हजार आउट सोर्स कर्मचारी हैं। कर्मचारियों में डीए और वेतनवृद्धि का अब तक आदेश नहीं होने से नाराजगी है। बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को भी बोनस और दिवाली के पहले वेतन देने की मांग की जा रही है। बिजली कर्मचारियों ने अपनी मांग को लेकर सभी जिलों के कलेक्टर को ज्ञापन दिया है।

**मंत्री के भरोसे पर कंपनियों ने नहीं लिया एक्शन:** मध्य प्रदेश यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एंप्लॉय एवं इंजीनियर विद्युत अधिकारी कर्मचारियों के संयुक्त संगठन के प्रदेश संयोजक वी के एस परिहार ने कहा ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर पिछली बैठकों में दिए गए उनके आश्वासन की याद दिलाई थी। वेतन वृद्धि तत्काल देने के साथ बकाया राशि के भुगतान का अनुरोध किया था। इस पर ऊर्जा मंत्री ने भरोसा दिया कि इन मुद्दों पर कार्रवाई की जाएगी। बिजली वितरण कंपनियों ने इस दिशा में अभी तक कोई पहल नहीं की है।

**ये है कर्मचारियों की मांग:** राज्य सरकार ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 8 फीसदी बढ़ा दिया है। लेकिन विद्युत कंपनियों ने डीए और स्थगित वेतन वृद्धि की बकाया राशि के भुगतान के संबंध में आदेश जारी नहीं किए। फोरम ने संविदा अधिकारियों, कर्मचारियों की वेतनवृद्धि और डीए लगाने की मांग की है।

## राज्य स्तर पर स्काउट-गाइड के संगठन अधिकारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**भोपाल।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश के राज्य मीडिया प्रभारी राधेश्याम चौऋषिया ने जानकारी देते हुए बताया कि, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय भोपाल के तत्वाधान में दिनांक 28 अक्टूबर 2021 को राज्य प्रशिक्षण केन्द्र भारत स्काउट एवं गाइड गांधीनगर भोपाल में राज्य के संभाग एवं जिला स्तर के संगठन अधिकारियों की दो दिवसीय संभागीय समीक्षा बैठक का शुभारंभ अशोक जनवदे राज्य सचिव द्वारा किया गया। इस समीक्षा बैठक में 35 संगठन अधिकारी सम्मिलित हुये । श्री जनवदे द्वारा सभी उपस्थित संगठन अधिकारियों का समीक्षा बैठक में स्वागत करते हुए विगत वर्ष की चल रही स्काउट-गाइड गतिविधियों पर चर्चा करते हुए निरंतर दो वर्षो से कोविड-19 के कारण राज्य में लॉकडाउन लगने की स्थिति के कारण स्काउट-गाइड की गतिविधि प्रभावित होने पर चिंता व्यक्त की और



वर्तमान स्थिति में लॉकडाउन की स्थिति के सुधार को देखते हुए नयी ऊर्जा से स्काउटिंग-गाइडिंग गतिविधि को गति प्रदान करने का आह्वान किया । तत्पश्चात् विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए संभागवार - भोपाल, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर, शहडोल, सागर, उज्जैन, होशंगाबाद, इन्दौर, एवं मुरैना अपने अपने कार्यों को पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुति की, इसी के साथ ही संभाग एवं जिला स्तर पर आने वाली समस्याओं का राज्य सचिव के साथ विचार मंथन किया गया । जिसमें अधिकांश समस्याओं का निराकरण करते हुए आंशिक समस्याओं को निराकृत करने का आश्वासन दिया । बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त माननीय पारस चन्द्र जी जैन, राज्य आयुक्त (कब) डी.एस.राघव, राज्य आयुक्त (स्काउट) सुमित पचौरी जी एवं राज्य कोषाध्यक्ष रमेशचन्द्र शर्मा, राजीव जैन पूर्व सहायक राज्य आयुक्त (स्काउट) का आगमन हुआ । सर्वप्रथम राज्य मुख्य आयुक्त माननीय पारस चन्द्र जी जैन महोदय द्वारा दीपावली पर्व पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स मध्यप्रदेश के संविदा कर्मचारियों को बोनस के रूप में राशि रू 2000/- भुगतान करने की घोषणा की एवं शासन द्वारा लगाये नियमित कर्मचारियों को डी.ए. की राशि एवं विगत वर्ष की वार्षिक वेतन वृद्धि का एरियर की राशि भुगतान करने के उद्घोषणा की । इसके साथ ही माह जनवरी में राज्य स्तरीय स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर रैली का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 3000 स्काउट-गाइड सम्मिलित होंगे । इस आयोजन के लिए संगठन अधिकारियों को अभी से युद्ध स्तर पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया ।

# तहसीलदार ने स्थल निरीक्षण कर 2 दिन में अतिक्रमण हटाने के दिए आदेश

**ग्रामीणों ने दी थी चक्का जाम की चेतावनी**
**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** विगत वर्षों से अतिक्रमण का दंश झेल रहा ग्राम घोटी घुसमारा का गौठान गरमागरम माहौल में रहा है। एक ओर पुरा गांव गौठान को अतिक्रमण मुक्त करना चाहता है तो दुसरी ओर अतिक्रमणकारी सेवानिवृत्त शिक्षक बाउंड्री वॉल नहीं तोड़ने की ज़िद पर अड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने ग्राम सभा का आयोजन कर समझाने का प्रयास किया किन्तु अपनी जिद पर अड़े रामलाल अगासे ने ग्राम सभा में उपस्थित सैकड़ों जनसमुदाय को सिरे से नकार दिया। विवशता के साथ ग्रामीणों ने पुनः लांजी तहसीलदार आर पी मार्को को गौठान और देवी मंदिर में किये गये अतिक्रमण को 2 दिन के भीतर हटवाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे स्पष्ट और कड़े शब्दों में निवेदन किया गया कि दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए यदि 2 दिन के भीतर गौठान में किया गया अतिक्रमण नहीं हटवाया गया तो विवश होकर हम घोटी घुसमारा के ग्रामीण चक्का जाम करेंगे, तथा कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे,जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।



**जब तहसीलदार आर पी मार्को पहुंचे घोटी घुसमारा:** लांजी तहसीलदार आर पी मार्को को ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारी को सूचना देकर स्वयं घोटी घुसमारा के गौठान में पहुंचे, तथा पटवारी एवं आरआई के द्वारा चिन्हांकित अतिक्रमण कर बनाई गई बाउंड्री वॉल को 2 दिन के भीतर तोड़ने के आदेश दिए। तथा उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा बनाया गया। वही अतिक्रमणकारी के द्वारा भी बाउंड्री वॉल को स्वयं के द्वारा तोड़ने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। वही देवी मंदिर परिसर का निरिक्षण किया गया, जंहा पाया गया कि जेसीबी मशीन से जमीन काटकर खेती बनाई गई तथा धान की फसल निकाली जा रही है, जिस पर अतिक्रमणकारी को भी देवी मंदिर परिसर पर किए गए कब्जे को छोड़ने के आदेश दिए,साथ ही देवी मंदिर परिसर में कोई भी अन्य व्यक्ति किसी भी प्रकार की निजी भवन इमारत न बनाने के लिए कहा गया, तथा उक्त भूमि को समतल करने कहा गया।

**ग्रामीणों ने तहसीलदार और मिडीया का जताया आभार:** विगत दिनों से अतिक्रमण हटवाने की मांग कर रहे ग्रामीणों ने तहसीलदार आर पी मार्को और मिडिया का आभार जताया और जनचर्चा रही कि इस बार दीपावली पर्व में गाय खिलाने का त्योहार रिति रिवाज और परंपरागत के साथ मनाया जाएगा। वही बार बार के अतिक्रमण से मुक्ति मिल गई। वही गांव में तहसीलदार को देखकर आम जन में चर्चा रही कि पुर्व में रेवनी और पटवारी द्वारा भू मापन किया गया था जिसकी रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपी गई होगी, जिस कारण तहसीलदार ने बाउंड्री वॉल तोड़ने कहा। फिलहाल अतिक्रमणकारी 1 नवंबर तक बाउंड्री वॉल तोड़ते हैं या नहीं यह बात प्रतिक्षा करने वाली है।

**अतिक्रमण हटाने 2 दिन का समय दिया गया - आर पी मार्को तहसीलदार लांजी:** घोटी घुसमारा पंहुचे तहसीलदार आर पी मार्को ने पुष्पांजलि टुडे के जिला ब्युरो चीफ पत्रकार रितेश कटरे के पुछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा किप यंहा खिला मुठवा में 2 लोगों ने अतिक्रमण किया है, तथा देवी मंदिर परिसर में भी अतिक्रमण किया गया है,इनको भी हटाने को लेकर कार्रवाई करेंगे। खिला मुठवा वाले को अतिक्रमण हटवाने के लिए सूचना जारी कर दी गई है 2 दिन का समय दिया गया है, यदि नहीं हटाते हैं तो सरकारी तौर तरीकों से कार्रवाई करते हुए हटा दिया जाएगा।

## सरदार बल्लभभाई पटेल ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए पूर्ण रूप से समर्पित किया : नाथू सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड(ब्यूरो)।** भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने राष्ट्र के पित्ती पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश के विकास और प्रकृति के लिए पूर्ण रूप से समर्पित किया उनके विचार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है पार्टी जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि सरदार पटेल की शिक्षा का प्रमुख स्रोत स्वाध्याय था जिन्होंने लंदन से बैरिस्टर की पढ़ाई की, उसके बाद पुनः भारत आकर अहमदाबाद में वकालात शुरू की ।देश की स्वतंत्रता में उनका विशेष योगदान है । गुजरात में आकर्षक प्रतिमा का निर्माण मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने किया है, हमारी विचारधारा महापुरुषों की प्रेरणा के साथ कार्य करती है । सरदार पटेल ने खुद को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से दूर रखा और जवाहरलाल नेहरू को समर्थन दिया, बाद में उन्हें उप प्रधानमंत्री और भारत सरकार में गृह मंत्री का पद सौंपा गया जिसके बाद उन्होंने 1300 से ज्यादा रियासतों को एक देश में पिरोकर अखंड भारत की स्थापना की और भारत के लौह पुरूष कहलाए परंतु कांग्रेस ने सरदार वल्लभभाई के पटेल के विचारों को आगे नहीं बढ़ाया और इस देश में भ्रष्टाचार, महंगाई, घोटाले, राजनीति का व्यवसायीकरण, जात-पात, परिवारवाद और वंशवाद की जड़ों को जमा दिया ।आज मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने पटेल साहब के विचारों का अनुसरण कर गरीब मजदूर और किसानों के विकास की चिंता की और उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए उनके जन्मदिन 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की ।उनका जन्म 31 अक्टूबर 1975 को किसान परिवार में हुआ और उनके पिता किसानी का काम करते थे। उन्होंने एक किसान के घर से देश के गृहमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद तक पहुंचकर भारत में शांति स्थापित करने के लिए अनेकों योजनाओं चलाने के साथ गृह विभाग को निर्देशित करते हुए सेना को अपने विचारों से गति प्रदान की । भाजपा जिला अध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में सरदार पटेल महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया 7 सरदार पटेल द्वारा इस लड़ाई में उन्होंने अपना पहला योगदान खेड़ा संघर्ष में दिया था।

# कांग्रेस ने महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ महाराज बाड़े पर प्रदर्शन किया




ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा लिए गए निर्णयनुसार मंहगाई और बेरोजगारी बड़ाने वाली केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ तीस दिवसीय आंदोलन के अंतर्गत आज ग्यारहवें दिन महाराज बाड़ा पर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चावला के द्वारा प्रदर्शन किया गया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चावला ने महाराज बाड़ा पर मंहगाई और बेरोजगारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए स्कॉउट कार्यालय से प्रारंभ करते हुए विक्टोरिया मार्केट से पोस्ट ऑफिस, स्टेट बैंक, टाउन हॉल, छापाखाना, भेरो की मंदिर होते हुए माधोगंज चौराहा के पास प्रदर्शन करते हुए कहा कि महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है, देश में बेरोजगारी बड़ती जा रही है, केन्द्र और प्रदेश सरकार कुंम्भकरण की नींद सोई हुई है। जनता के बीच मंहगाई को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, रोजगार पाने के लिए बेरोजगार भटक रहे है, रोजगार मिल नही रहा है मंहगाई कम नही हो रही है, सत्ता हथियाना और सत्ता में काबिज रहने के लिए अच्छे दिन का नारा लगाकर, मंहगे दिन, बेरोजगारी के दिन जनता को दिखाए है।

प्रदर्शन में कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह माहोर, प्रवक्ता आंनद शर्मा, सरमन राय, आईटीसेल अध्यक्ष तरूण यादव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश बाबू, भैयालाल भटनागर, संजय फड़तरे, चेतन भार्गव, संजीव दीक्षित, मोनू भटनागर, मेहबूब चेन वाले, पप्पू डेनिसन, राजेश जाटव, कपिल पाल, आनंद जिझोतिया, गुड्डू वाजपेयी सहित अनेक कांग्रेसजन सम्मलित थे।

## केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के प्रयासों से पहुंची खाद की रेक

**केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडवीया को दिया धन्यवाद**

ग्वालियर। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से अशोकनगर और शिवपुरी जिले के लिए खाद की रेक पहुंच गई है। किसानों को इस समय खाद की



जरूरत थी और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस बात को समझा और उनके प्रयासों से केंद्रीय रसायन उर्वरक मंत्री मनसुख मांडवीया के निर्देश पर खाद की रेक अशोकनगर और शिवपुरी जिले में पहुंच गई है। डीएपी खाद की जरूरत को देखते हुए यह रेक किसानों के लिए मददगार रहेगी।वहीं दूसरी ओर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय उर्वरक रसायन मंत्री मनसुख मांडवीया का धन्यवाद दिया है।

श्री सिंधिया ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि डीएपी खाद की जरूरत को पूरी करते हुए इसकी रैक अशोकनगर व शिवपुरी पहुँची। शीघ्र ही बाकी जगहों पर भी खाद पहुंच जाएगी। श्री सिंधिया ने केंद्रीय रसायन और एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडवीया का हृदय से धन्यवाद दिया। केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि किसान हितैषी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संवेदनशील मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हमारे किसान भाइयों के साथ केंद्र और राज्य सरकार कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उनकी हर जरूरत और समस्या का शीघ्र और उचित निवारण करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

# डीआई ग्वालियर ने किया पुलिस लाईन का वार्षिक निरीक्षण




## वर्दीधारी को अपनी वर्दी की मानमर्यादा का ख्याल रखना चाहिए, क्योंकि मुसीबत में जनता को आपका ही सहारा है : डीआई जी ग्वालियर

**ग्वालियर। कोविडकाल के दौरान ग्वालियर पुलिस द्वारा किये गये कार्यों को सराहा।**

**ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ की गई कार्यवाही की प्रशंसा की।**

**दरबार लगाकर पुलिस जवानों की समस्याओं का शीघ्रता से निराकरा करने के दिये निर्देश**

**थाना झांसी रोड व थाना पनिहार का किया वार्षिक निरीक्षण**



ग्वालियर। आज पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज श्री राजेश हिंगरणकर, भापुसे पुलिस लाईन ग्वालियर का वार्षिक निरीक्षण किया गया और दरबार लगाकर पुलिस जवानों से रूबरू हुए। इस दौरान पुलिस जवानों द्वारा बताई गई अपनी समस्याओं का उनके द्वारा यथासंभव शीघ्रता से निराकरण करने का आश्वासन देते हुए उपस्थित पुलिस अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये निरीक्षण के प्रारंभ में पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर को क्वार्टर गार्ड पर सलामी दी गई। डीआईजी ग्वालियर ने क्वाटर गार्ड स्थित शस्त्रागार में हथ्यिारों का निरीक्षण किया। तथा विभाग को आवंटित विभिपन्न वाहनों तथा नवनिर्मित शासकीय भवनों की जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने रक्षित निरीक्षक श्री रंजीत सिंह से पुलिस लाइन की शाखावार जानकारी ली। निरीक्षण के दौश्रान पुलिस अधीक्षक ग्वालियर अमित सांघी, भापुसे अति. पुलिस अधीक्षक शहर मध्य श्रीमती हितकावसासल, अति. पुलिस अधीक्षक शहर पश्चिम श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर, अति. पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व श्री राजेश दण्डोतिया, अति. पुलिस अधीक्षक देहात श्री जयराज कुबेर, डीएसपी लाईन श्री विजय भदौरिया के अलावा पुलिस के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## युवक की मौत, हंगामा, चक्काजाम

**घर से मजदूरी के लिए निकले युवक का शव कुएं में पड़ा मिला, ठेकेदार पर हत्या का आरोप, सड़क पर लाश रखकर किया हंगामा**



ग्वालियर । ग्वालियर में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत के बाद परिजन ने हंगामा करते हुए स?क पर जाम लगा दिया। सड़क पर लाश रखकर आक्रोशित परिजन हत्या का मामला दर्ज करने पर अ? हुए थे। शनिवार शाम तक कंपू के कस्तूरबा गांधी चौराहा पर हंगामा चलता रहा। हुआ यह था कि शुक्रवार सुबह एक युवक को ठेकेदार मजदूरी कराने के लिए लेकर निकला था। पर रात को ठेकेदार के खेत में बने कुएं में मजदूर का शव प?ा मिला। मौके से पुलिस ने तत्काल शव को उठवा कर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। शनिवार को जब पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को मिला तो उन्होंने कंपू के कस्तूरबा चौराहा पर लाश रखकर जाम लगा दिया। भीम आर्मी के सदस्य भी इस चक्काजाम में शामिल थे। तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। परिजन की मांग थी कि ठेकेदार पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। पुलिस अफसरों ने जब मौके पर पहुंचकर समझाया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या का मामला दर्ज करने का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन माने हैं।

**यह है पूरा मामला**



कंपू स्थित नौगांव निवासी 30 वर्षीय प्रदीप जाटव पुत्र विजय सिंह जाटव पेशे से मजदूर है। शुक्रवार सुबह गांव का ही ठेकेदार देवेन्द्र गुर्जर उसे काम करने अपने खेत पर ले गया था। रात को देवेन्द्र ने उसके घर फोन कर सूचना दी कि प्रदीप कहीं मिल नहीं रहा था। जब उसकी तलाश की तो वह उसके ही खेत में बने कुएं में प?ा मिला था। यह सूचना मिलते ही परिजन वहां पहुंचे, लेकिन उससे पहले पुलिस पहुंच गई थी और शव को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचा दिया। शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। परिजन प्रदीप की मौत पर आक्रोशित थे। परिजन का कहना था कि जब उसे कोई परेशानी नहीं थी तो वह कुएं में कूद नहीं सकता और कुएं में गिरने से हादसा हुआ नहीं है। इसलिए साफ है कि देवेन्द्र गुर्जर से कुछ विवाद हुआ है और प्रदीप की हत्या की गई है। पुलिस इसे हत्या नहीं मान रही थी।

**लाश रखकर रोका ट्रैफिक, 3 घंटे चला हंगामा**

पुलिस ने जब मामले को हत्या का नहीं माना तो प्रदीप के परिजन ने शनिवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस से शव को ले जाकर शहर के मुख्य चौराहा कस्तूरबा गांधी चौराहा पर रखकर ट्रैफिक रोक दिया। साथ ही भीम आर्मी के सदस्य भी चक्काजाम में शामिल हो गए। हंगामा और चक्काजाम की सूचना मिलते ही एएसपी सतेन्द्र सिंह तोमर व अन्य अफसर मौके पर पहुंच गए। पुलिस अफसरों ने समझाने का प्रयास किया। मृतक के परिजन का कहना था कि पहले देवेन्द्र गुर्जर पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए और एफआईआर की कॉपी हमारे हाथ में दी जाए। इसके बाद ही वह रास्ते से हटेंगे। करीब 3 घंटे तक समझाना चलता रहा। आखिर में एएसपी शहर सतेन्द्र सिंह तोमर ने आश्वासन दिया कि वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी बात निकलकर आएगी उस आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा।

**भीम आर्मी का आरोप**

भीम आर्मी के सदस्य राहुल बाल्मीकि ने आरोप लगाया है कि लगातार दलित पर अत्याचार हो रहे हैं। जो ठेकेदार काम कराने ले गया था उनके कुएं में बॉडी मिली है। पर पुलिस भाजपा सरकार के दबाव में मामला दर्ज नहीं कर रही है। पर जब तक हत्या का मामला दर्ज नहीं होगा हम नहीं हटेंगे। कलेक्टर, एसपी को बुलाने की मांग की है।

## सूने मकान के ताले चटके - डेढ़ लाख का माल चोरी

**ग्वालियर** । शहर के गिरवाई थाना क्षेत्र में स्थित छोटे बाबा की पहाड़ी मरघट के पास एक सूने मकान के ताले चटकाकरी चोर नगदी गहने सहित डेढ लाख का माल समेट ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार गिरवाई थाना क्षेत्र में स्थित छोटे बाबा की पहाड़ी मरघट के पास रहने वाले रामरूप जाटव के सूने मकान के चोरों ने ताले तोड़ दिए। चोर घर में से 50 हजार रुपये के अलावा सोने-चांदी के सहित डेढ़ लाख रुपये से अधिक की कीमत का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है।

## आज 31 अक्टूबर को श्रीमती इंदिरा गांधी जी की 37वीं पुण्यतिथि, सरदार वल्लभ भाई पटेल की 146वीं जयंती पर कांग्रेस की पुष्पांजली एवं श्रृद्धांजली सभा: डॉ. देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज 31 अक्टूबर को प्रातः 10.00 बजे छत्री बाजार स्थित लेडिस पार्क पर अमर बलिदानी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा स्थल पर बलिदान दिवस पर श्रृद्धांजली एंव लोहपुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई की 146वीं जयंती पर पुष्पांजली अर्पित की जायेगी। आज 31 अक्टूबर को सभी कांग्रेसजन सीधे छत्रीमंडी स्थित लेडिस पार्क पहुचेंगे।

# अखिल भारतीय जैन छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह-2022

### प्रतिभा सम्मान में जैन छात्र-छात्राएं 15 नबंबर तक अपना आवेदन पत्र भेजे



ग्वालियर। अखिल भारतीय जैन समाज के प्रतिभाशाली बच्चो का प्रतिभा सम्मान समारोह 2022 परम पूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक, आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज (छाणी) परम्परा के षष्ट पट्टाचार्य श्री 108 आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महा मुनिराज की प्रतिभा सम्मान परम्परा को निरन्तर आगे ब?ाते हुए परम पूज्य सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज (ससंघ) के पावन सान्निध्य एवं परम पूज्य आर्यिका 105 आर्शमति माताजी के पावन निर्देशन में आगामी 02 जनवरी 2022 रविवार को ज्ञानार्ष भक्त परिवार के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र, सिहोनियाँ जी जिला मुरेना (मध्य प्रदेश) में जैन समाज की उभरती हुई प्रतिभाओं का सम्मान एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि भारतवर्ष की समस्त सम्प्रदायों (दिगम्बर एवं श्वेताम्बर) की सकल जैन समाज के समस्त प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं सन 2019-20 के सत्र में 10 वीं एवं 12वीं कक्षा में 90त्न या इससे अधिक अंक प्राप्त होने पर। किसी भी छात्र का किसी भी प्रान्त में मेरिट लिस्ट में नाम आने पर । वर्ष 2020/21 में किसी भी उच्च प्रशासनिक सेवा (क्क्रस्, ढ्ढ..., ढ्ढ.रु., ढ्ढढ्ढञ्, ढ्ढक्रस्, ह्वश्वञ्) में चयनित होने पर। 2019-20 में किसी भी ग्रेजुएशन अथवा पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री में मैरिट लिस्ट में नाम आने पर । वर्ष 2020-21 में मेडिकल कॉलेज में पी जी में चयन होने पर वर्ष 2020-21 में राष्ट्रीय अथवा प्रादेशिक स्तर पर कोई भी पुरस्कार अथवा सम्मान प्राप्त किया हो ।

प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मलित होने वाले सभी छात्र छात्राओं को 15 नबंबर तक अपना आवेदन ग्वालियर प्रभारी राकेश जैन लोहामंडी मोबाइल 7999048244 एवं आयोजन समिति के इन्हें नबरों 9893332493, 9826462812, 9425126903, 9303456966, 9981324347, 9691811222 संपर्क कर सकते हैं। सभी चयनित छात्र-छात्राओं को मार्ग व्यय के साथ साथ प्रशस्ति पत्र, स्मृतिचिन्ह, पदक, 1द्बश्च बैग, पेन, डायरी, शील्ड, बहुरंगी स्मारिका, आदि से सम्मानित किया जायेगा। यह कार्यक्रम 31 दिसंबर से 02 जनवरी तक चलेगा। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम तहत प्रथम दिन प्रसिद्ध भजन गायक पारस अम्बर द्वारा भजन सांध्य एवं 1 जनवरी अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि युगल सौरभसुमन अम्बर टीम के साथ काव्य पाठ करेगी। इस समारोह में भारतबर्ष से लगभग दो हजार छात्र-छात्राएं एवं उनके पालकों सम्मलित होंगे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478